RNI NO. PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

**गुस्ताखी माफ**

मजे लीजिए ठंड के, क्यों कर रहे विलाप।
मई-जून में ठंड को, तरसेंगे फिर आप।
तरसेंगे फिर आप, चलायेंगे फुल एसी।
नहीं मिलेगी ठंड, आपको फिर भी ऐसी।
कह साहिल कविराय, कल्पना बंद कीजिए।
क्यों कर रहे विलाप, ठंड के मजे लीजिए।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 03 | ISSUE 345 | FRIDAY DATE 02-01-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## नए साल का जश्नः दिल्ली पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के 868 चालान काटे



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

नए साल के जश्न को देखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने शहर के मुख्य रास्तों पर रातभर चेकिंग की। पुलिस ने नशे में वाहन चलाने वालों के 868 चालान काटे। एक अधिकारी ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि नशे व तेज रफ्तार वाहन चलाने, बाइक पर स्टंट करने और अन्य उल्लंघनों पर अंकुश लगाने के लिए प्रमुख सड़कों, रात्रि आयोजन स्थलों और आवासीय इलाकों में पुलिस तैनात की गई थी। रातभर नशे में वाहन चलाने वालों की जांच की गई। नए साल के जश्न के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस के 20,000 जवान तैनात किए थे। भीड़ की गतिविधियों पर नजर रखने और किसी भी घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की गई और जिला नियंत्रण कक्षों के बीच वास्तविक समय में समन्वय रखा गया।

## खालिदा जिया की विरासत हमेशा रहेगी, नहीं भरी जा सकती उनकी जगह: मोदी



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का 30 दिसंबर 2025 की सुबह निधन हो गया। बेगम खालिदा जिया के जनाजे में शामिल होने के लिए भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी वहां पहुंचे थे। एस. जयशंकर ने बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शोक संदेश सौंपा था। खत में पीएम मोदी ने खालिदा जिया के निधन पर शोक जताया और कहा कि उनके जाने से जो खालीपन है, उसे भरा नहीं जा सकता।

बांग्लादेशी मीडिया के मुताबिक भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि बेगम खालिदा जिया के जाने से एक ऐसा खालीपन आया है जिसे भरा नहीं जा सकता, लेकिन उनका विजन और विरासत हमेशा रहेगी।

चिट्ठी में लिखा है, मुझे यकीन है कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के आपके काबिल नेतृत्व में उनके आदर्शों को आगे बढ़ाया जाएगा और एक नई शुरूआत और भारत और बांग्लादेश के बीच गहरी और ऐतिहासिक साझेदारी को और बेहतर बनाने के लिए एक गाइडिंग लाइट की तरह काम करेंगे।

### पीएम मोदी का तिरुवनंतपुरम के नए मेयर को पत्र, भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहा

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** नए साल की शुरूआत के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तिरुवनंतपुरम के नवनिर्वाचित मेयर वीवी राजेश को पत्र लिखकर बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने इसे केरल के लिए नए साल का विशेष उपहार बताया और कहा कि यह सफलता वर्षों की मेहनत, संघर्ष और समर्पण का परिणाम है। इस पत्र में पीएम मोदी ने मेयर वीवी राजेश और उपमेयर जीएस आशा नाथ को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने तिरुवनंतपुरम नगर निगम चुनाव में जीत हासिल करने वाले भाजपा के सभी नवनिर्वाचित पार्षदों और पार्टी कार्यकर्ताओं को भी शुभकामनाएं दीं।

## आंकड़ों में अंतर होगा तो एसआईआर का मतलब क्या हुआः अखिलेश यादव

» **लखनऊ, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के उस बयान पर निशाना साधा, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रदेश में चार करोड़ वोटर कट गए हैं। अखिलेश यादव ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सीएम ने ही अधिकारियों को अपनी मनमानी के हिसाब से काम करने का आदेश दिया था।



समाजवादी पार्टी के प्रमुख ने कहा कि चुनाव आयोग और जो कंपनियां इस पूरी प्रक्रिया में जुटी हुई हैं, वे इस मामले का संज्ञान लें और इसे पूरी निष्पक्षता के साथ देखें। मौजूदा समय में इस संबंध में जो भी आंकड़े प्रकाश में आ रहे हैं, उन्हें देखते हुए अधिकारियों को अपनी विश्वसनीयता की कसौटी पर खरा उतरना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्थान में मावठ के साथ ओलावृष्टि का दौर शुरू

**जयपुर, यूटर्न/ 01 जनवरी।** राजस्थान में मावठ के साथ ओलावृष्टि का दौर शुरू हो गया है। नए साल के पहले दिन जयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर सहित कई जिलों में सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही है। वहीं, बीकानेर में बुधवार देर रात हुई ओलावृष्टि से प्रदेश के अधिकतर जिले घने कोहरे की चपेट में रहे। जोधपुर में कोहरे के कारण फ्लाइट भी लेट हुई। वहीं, बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात चूरू को सादुलपुर में तेज बारिश के साथ मकान पर बिजली गिर गई। मौसम विभाग ने जयपुर, भरतपुर संभाग के जिलों में बारिश की चेतावनी दी है। मौसम विभाग ने प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में शीतलहर और घने कोहरे की भी चेतावनी जारी की है। राजस्थान में नए साल की शुरूआत के साथ तेज सर्दी का दौर शुरू हो गया है। राजधानी जयपुर में गुरुवार सुबह हल्की बरसात हुई। वहीं, चित्तौड़गढ़ में सुबह 5 बजे आधा घंटे तक तेज बरसात हुई। बीकानेर के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार देर रात ओले भी गिरे। सीकर के रामगढ़ में भी आज सुबह तेज बरसात हुई। बारिश और ओलावृष्टि के कारण तापमान में भी दो-तीन डिग्री की गिरावट हुई। साथ ही अजमेर, अलवर, कोटा में सुबह से रुक-रुककर बरसात हो रही है।

### सोलन के नालागढ़ में नए साल के पहले दिन एक बड़ा धमाका

**सोलन, यूटर्न/ 01 जनवरी।** हिमाचल प्रदेश के सोलन के नालागढ़ में नए साल के पहले दिन एक बड़ा धमाका हुआ है। नालागढ़ थाने के पास मौजूद गली में सुबह-सुबह जोरदार धमाका हुआ, जिससे पूरा इलाका दहल उठा। धमाका इतना जबरदस्त था कि इसकी गूंज से आसपास के लोगों में दहशत फैल गई और मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। विस्फोट की तीव्रता का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि घटनास्थल के पास मौजूद इमारतों और आर्मी अस्पताल के शीशे चकनाचूर हुए है। लोगों और वहां मौजूद प्रवासी मजदूरों के अनुसार धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाका होते ही पूरा इलाका दहल गया और एक पल के लिए कुछ भी दिखाई नहीं दिया।

## कोझिकोड में अपशिष्ट प्रबंधन कारखाने में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**कोझिकोड, यूटर्न/ 01 जनवरी।** केरल के थामरसेरी इलाके में गुरुवार तड़के अपशिष्ट प्रबंधन कारखाने में भीषण आग लग गई। पुलिस ने बताया कि आग तड़के करीब तीन बजे लगी, जिसने कार्यालय क्षेत्र सहित पूरी इमारत को अपनी चपेट में लेकर नष्ट कर दिया। बताया जा रहा है कि घटना में वहां खड़ी एक पिकअप वैन भी जलकर खाक हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद मुक्कम और वेल्लीमाडुकुन्नु से दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## कर्नाटक में मुख्यमंत्री पद का अंतिम फैसला कांग्रेस हाईकमान करेगाः जी परमेश्वर

**बेंगलुरु, यूटर्न/ 01 जनवरी।** कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा है कि राज्य में मुख्यमंत्री पद का अंतिम निर्णय कांग्रेस हाई कमान करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि उन्होंने कोई गुट नहीं बनाया है और न ही अपने समर्थकों को किसी विशेष उम्मीदवार के पक्ष में निर्देश दिए हैं। उनका कहना है कि कुछ लोग अपने विचार व्यक्त कर सकते हैं, लेकिन अंततः निर्णय हाई कमांड का ही होगा। ये बयान तब आया है, जब कर्नाटक कांग्रेस में सत्ता परिवर्तन की अटकलें तेज हैं। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और गृह मंत्री परमेश्वर इस राजनीतिक उथल-पुथल के मुख्य चेहरे माने जा रहे हैं। कर्नाटक सरकार के आधे कार्यकाल के बाद मुख्यमंत्री पद विवाद का केंद्र बन गया है। इसके अलावा, गृह मंत्री परमेश्वर ने राज्य पुलिस विभाग की ओर से नव वर्ष 2026 की शुभकामनाएं देकर कहा कि उनका प्रयास है कि कर्नाटक शांतिपूर्ण और कानून व्यवस्था में अनुकरणीय बना रहे।

## विदेशी नागरिक घोषित, 7 दिन के अंदर वापस भेज देगी हमारी सरकार : सरमा

**गुवाहाटी, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य सरकार न्यायाधिकरण द्वारा विदेशी घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर ही किसी भी व्यक्ति को वापस भेज देगी। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने 2000 विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने वापसी के प्रयासों को तेज किया है। अब से, विदेशी न्यायाधिकरण द्वारा किसी को भी विदेशी घोषित होने के एक सप्ताह के भीतर ही हम उन्हें वापस भेज देने वाले है। हमारी सरकार ने 2000 अवैध विदेशियों की पहचान कर उन्हें वापस भेज दिया है। असम में विदेशी न्यायाधिकरण अप्रवासियों और विदेशी नागरिकों से जुड़े मामलों की सुनवाई करता है। नीति के अनुरूप, मुख्यमंत्री सरमा ने 25 दिसंबर को कहा था कि राज्य सरकार ने अवैध अप्रवासियों के खिलाफ बिना किसी समझौते के सीधी कार्रवाई की नीति अपनाई है और जिला प्रशासनों को निर्देश दिया है कि जहां भी आवश्यक हो, तत्काल निष्कासन आदेश जारी करें। इसके अलावा, सीएम सरमा ने राज्य की कानून व्यवस्था की स्थिति पर खुशी जताकर दावा किया कि मामलों की संख्या में कमी आई है और दोषसिद्धि दर में वृद्धि हुई है।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन में असम सभी राज्यों में प्रथम स्थान पर है।

## आपसी लड़ाई और धरातल का प्लान न होने के कारण कांग्रेस हार रही: सुशील गुप्ता

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद सुशील कुमार गुप्ता ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का धरातल पर काम करने वाला व्यक्ति नहीं बचा है।



समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में सुशील कुमार गुप्ता ने कहा, कांग्रेस धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है। कांग्रेस का धरातल पर काम करने वाला व्यक्ति नहीं बचा। इनकी आपसी लड़ाई और कुछ जमीनी स्तर का प्लान न होना, इनके हार का मुख्य कारण है। भाजपा नेता संगीत सोम की ओर से अभिनेता शाहरुख खान को देश का गद्दार कहे जाने पर सुशील गुप्ता ने कहा, देश को और दुनिया को धर्म के नाम पर न बांटा जाए। ऐसी भाषा किसी भी मुल्क में किसी भी धर्म के लिए इस्तेमाल होना अत्यंत खेदजनक है। हिंदू वह धर्म है जो सबको समाहित करके चलता है। वह केवल अपने धर्म के नहीं, विश्व के कल्याण की बात करता है। पशु-पक्षी और वनस्पति के कल्याण की बात करता है। तो हमें इस बात को समझना चाहिए।

उन्होंने संघ प्रमुख मोहन भागवत के हिंदू राष्ट्र वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। सुशील गुप्ता ने कहा, यह देश संविधान से चलता है। यह देश सबका है। जाति, धर्म और भाषा के आधार पर इसको बटना नहीं चाहिए। परंतु हम यह कहें कि केवल हमारा है, ऐसा नहीं है। हमारा संविधान हर धर्म को मानने की स्वतंत्रता देता है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि मैं हिंदू हूं, परंतु मैं यह नहीं कह सकता हूं कि बाकी किसी को यहां रहने का अधिकार नहीं है।

## हम किसी भी द्वेषपूर्ण शक्ति के आगे नहीं झुकेंगे, जनता के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे

**कोलकाता, यूटर्न/ 01 जनवरी।** सीएम ममता बनर्जी ने टीएमसी के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को बधाई दी और मां-माटी-मानुष के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए आम जनता के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि आज भी हमारी पार्टी का हर कार्यकर्ता और समर्थक इस लक्ष्य के प्रति दृढ़ और प्रतिबद्ध है। सीएम ममता ने कहा कि टीएमसी परिवार आज अनगिनत लोगों के आशीर्वाद, प्रेम और प्रार्थनाओं से धन्य है। आपके अटूट समर्थन से ही हमें शक्ति मिलती है और हम इस महान लोकतांत्रिक राष्ट्र में प्रत्येक व्यक्ति के अधिकारों के लिए दृढ़ संकल्पित हैं।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## संक्षिप्त खबरें



### अभिषेक बनर्जी के बयान परिवारवाद की राजनीति से प्रेरितः तरुण चुघ

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के बयान को परिवारवाद की राजनीति से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि अब इसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने गुरुवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा कि अभिषेक बनर्जी के एक-एक शब्द में अहंकार दिखाई दे रहा था। यह परिवारवाद की मानसिकता लोकतंत्र और संविधान का खुला अपमान कर रही है। देश की जनता यह सब कुछ देख रही है। आगामी दिनों में इन लोगों को इसका मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने देश में घुसपैठियों की मौजूदगी को एकता और अखंडता के लिए खतरा बताया। उन्होंने कहा कि देश हित के लिए आपको सभी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना होगा, तभी चलकर स्थिति आगे चलकर दुरुस्त हो पाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा समय में टीएमसी घुसपैठियों का संरक्षण करने में जुटी हुई है। इन लोगों के बीच में एक होड़ मची हुई है कि कौन कितना ज्यादा घुसपैठियों को संरक्षण दे सकता है, लेकिन हम इनकी मंशा को किसी भी हाल में पूरा नहीं होने देंगे। देश में सभी घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें बाहर करने की प्रक्रिया जारी है।

# शीतकालीन सत्र से पहले भाजपा-आप में आरोप प्रत्यारोप, कैग रिपोर्ट और स्वास्थ्य सेवाएं बने मुद्दे

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**





दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) के बीच आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति शुरू हो चुकी है। भाजपा विधायक हरीश खुराना ने भ्रष्टाचार जैसे विषयों पर आम आदमी पार्टी को घेरा है, जबकि आप के पूर्व सांसद सुशील गुप्ता ने वर्तमान में दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं पर सवाल उठाए हैं।

आईएएनएस से बातचीत में भाजपा विधायक हरीश खुराना ने कहा, शीतकालीन सत्र 5 जनवरी से शुरू हो रहा है। उपराज्यपाल इसका उद्घाटन करेंगे। सत्र 6, 7 और 8 जनवरी को भी चलेगा, जिसमें जनता से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा होगी।

उन्होंने कहा कि सदन में कैग रिपोर्ट और शीश महल से जुड़ी रिपोर्ट को भी रखा जाना है। वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली विधानसभा में चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, प्रदूषण के मुद्दे पर भी सरकार सदन में अपना पक्ष रखेगी। इसके अलावा, जनता से जुड़े मुद्दों पर शीतकालीन सत्र में चर्चा की जाएगी।

हरीश खुराना ने विपक्ष से अपील करते हुए कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि सत्र लोगों की चिंताओं पर केंद्रित रहे और सत्र के लिए तय सभी जरूरी काम कुशलता से पूरे हों।

इसी बीच, भाजपा विधायक ने कैग रिपोर्ट पर बात करते हुए आम आदमी पार्टी पर हमला बोला। उन्होंने कहा, पिछली सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार किया। कैग रिपोर्ट बहुत समय से पेंडिंग थी। निश्चित तौर पर शीश महल को लेकर भी रिपोर्ट महत्वपूर्ण है।

हरीश खुराना ने कहा कि दिल्ली की जनता से हमने वादा किया था कि सभी कैग रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखेंगे, चर्चा करेंगे और पीएसी को भेजेंगे। उन्होंने कहा, जब भी कैग रिपोर्ट पेश की जाती है, तो उन्हें पब्लिक अकाउंट्स कमेटी (पीएसी) को भेजा जाता है। इस सेशन में भी रिपोर्ट इसी प्रक्रिया से गुजरेगी, उन पर पूरी चर्चा होगी और फिर जरूरी कार्रवाई के लिए पीएसी को भेजी जाएगी। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व सांसद सुशील गुप्ता ने कहा, अगर विधानसभा सेशन में कुछ ठोस काम हो तो बेहतर होगा। दिल्ली में हेल्थकेयर सर्विस पूरी तरह से ठप हो गई हैं। डायलिसिस के मरीज भगवान भरोसे हैं। आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को बहुमत दिया है। अब मुद्दों पर काम किया जाना चाहिए। राजधानी को प्रदूषण मुक्त करना चाहिए। व्यापारियों और मजदूरों के लिए राहत के काम किए जाएं। दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए।

## राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से करने पर नाना पटोले के बचाव में उतरे तारिक अनवर

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नाना पटोले के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की तुलना भगवान राम से करने पर राजनीति तेज हो गई है। इस टिप्पणी पर नाना पटोले का बचाव करते हुए तारिक अनवर ने कहा कि बयान में कुछ भी अपमानजनक नहीं है।

कांग्रेस नेता तारिक अनवर ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में कहा, राम ने रावण की लंका को तहस-नहस किया था। उसी तरह राहुल गांधी भी अन्याय के खिलाफ लड़ रहे हैं। इसलिए मेरी राय में नाना पटोले के बयान में कुछ भी अपमानजनक नहीं है।

दिल्ली कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी नाना पटोले के बयान हृराहुल गांधी भगवान श्री राम की तरह काम कर रहे हैं पर प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी देश की एकता और अखंडता के लिए इस संविधान को मजबूत करने के लिए बहुत बेहतर काम कर रहे हैं और हम उनके दिखाए हुए रास्ते पर आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। इससे पहले कांग्रेस नेता नाना पटोले ने अपने बयान में कहा, भगवान राम हर किसी के दिल और विचारों में होते हैं। शोषित और पीड़ित लोगों की सेवा करना व उन्हें न्याय दिलाना भगवान श्रीराम का काम था।

# ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत हुई निर्णायक कार्रवाई, दुश्मन को दिया करारा जवाब : सेनाध्यक्ष

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई की और दुश्मन को करारा जवाब दिया गया। यह अभियान आज भी जारी है। भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नव वर्ष पर अपने एक संदेश में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सेना बॉर्डर पर सतर्कता बरत रही है। वहीं सेना देश के भीतर आपदाओं में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गुरुवार को नव वर्ष के अवसर पर सेनाध्यक्ष ने कहा, भारतीय सेना राष्ट्र की सुरक्षा पूर्ण सतर्कता और दृढ़ संकल्प के साथ सुनिश्चित कर रही है। गत वर्ष शत्रु के नापाक इरादों को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई द्वारा करारा उत्तर दिया गया, और यह अभियान आज भी निरंतर जारी है। सीमाओं पर सतर्कता के साथ-साथ, देश के भीतर आपदाओं के समय त्वरित सहायता तथा राष्ट्र-निर्माण से जुड़े प्रयासों के माध्यम से सेना ने राष्ट्रीय प्रगति में अपनी अहम भूमिका निभाई है। गौरतलब है कि जम्मू कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने मई 2025 में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस ऑपरेशन की योजना सेना के मिलिट्री ऑपरेशन्स ब्रांच में तैयार की गई, जबकि संचालन की निगरानी डीजीएमओ के ऑप्स रूम से सीडीएस और तीनों सेनाध्यक्षों की मौजूदगी में की गई। इस ऑपरेशन में सीमा पार 9 आतंकी कैंप तबाह किए गए। भारतीय सेना ने 7 और वायुसेना ने 2 आतंकी कैंप ध्वस्त किए।



## दिल्ली-टोक्यो के बीच उड़ानों में हुई सुरक्षा नियमों की अनदेखी, डीजीसीए ने पायलटों को भेजा नोटिस



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** भारत के विमानन नियामक ने सुरक्षा और नियमों से जुड़ी समस्याओं की जानकारी होने के बावजूद दिल्ली और टोक्यो के बीच कई उड़ानें संचालित करने के लिए एयर इंडिया के कॉकपिट क्रू (पायलटों) को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नियामक ने दो हफ्तों के अंदर उनसे जवाब मांगा है। यह नोटिस नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की ओर से जारी किया गया है और यह दिल्ली से टोक्यो जाने वाली फ्लाइट एआई-357 और टोक्यो से दिल्ली जाने वाली फ्लाइट एआई-358 के संचालन से संबंधित है। डीजीसीए के नोटिस के अनुसार, विमान के लिए लागू मिनिमम इक्विपमेंट लिस्ट (एमईएल) सही नहीं पाई गई यानी जरूरी तकनीकी मानकों में कमी थी। एयर इंडिया की ओर से इस नोटिस पर अभी तक कोई जवाब नहीं दिया गया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यह कोई एक बार की घटना नहीं है, बल्कि पहले भी अन्य उड़ानों में ऐसी समस्याएं पाई गई हैं। डीजीसीए ने पायलटों से यह भी पूछा है कि एयरक्राफ्ट नियमों और नागरिक विमानन आवश्यकताओं (सीएआर) के तहत उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों न की जाए? विमानन नियामक ने यह नोटिस इसलिए भी जारी किया.

## ममता सरकार से बंगाल में नाराजगी, एसआईआर पर आरोप बेबुनियादः प्रवीण खंडेलवाल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने निशाना साधते हुए कहा है कि पिछले कई सालों में ममता बनर्जी ने जिस तरह से पश्चिम बंगाल में शासन किया है, उससे राज्य के लोगों में बहुत गुस्सा और नाराजगी है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के आरोपों समेत कई मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी। एसआईआर को लेकर अभिषेक बनर्जी के आरोपों पर प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि एसआईआर अब कोई मुद्दा नहीं है। राहुल गांधी ने बिहार में एसआईआर के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की कोशिश की, लेकिन राज्य में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा, एसआईआर वास्तविकता है। डबल वोट, मृतकों के नाम और अवैध मतदाताओं को बाहर करना ही एसआईआर है। सुप्रीम कोर्ट भी स्पष्ट कर चुका है कि यह फैसला चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। इसलिए एसआईआर पर दोष लगाना गलत है। कुछ दल और नेता हार के डर से बौखलाहट में एसआईआर के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोगों ने आने वाले चुनावों में ममता बनर्जी को विदा करने का मन बना लिया है। टीएमसी नेता इस सच्चाई से अच्छी तरह वाकिफ हैं और इसीलिए अपनी संभावित हार को देखते हुए वे ऐसे बेबुनियाद आरोप लगा रहे हैं, जिनका न तो कोई आधार है और न ही उन्हें साबित करने के लिए कोई ठोस सबूत है। इसी बीच, प्रवीण खंडेलवाल ने संघ प्रमुख मोहन भागवत की हिंदू राष्ट्र वाली टिप्पणी का समर्थन किया। उन्होंने कहा, सही अर्थों में भारत हिंदू राष्ट्र है, मोहन भागवत का यह बयान बिल्कुल सही है।

## राजनाथ सिंह ने खालिदा जिया के निधन पर जताया शोक



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन पर गहरा शोक जाहिर किया है। राजनाथ सिंह गुरुवार को नई दिल्ली स्थित बांग्लादेश उच्चायोग पहुंचे, जहां उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एवं बीएनपी की चेयरपर्सन बेगम खालिदा जिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने बांग्लादेश उच्चायोग में मौजूद शोक-पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। विशेषज्ञों का कहना है कि बेगम जिया के निधन से न केवल बांग्लादेश, बल्कि पूरे क्षेत्र की राजनीति में एक युग का अंत हो गया है।

# चुनावी तैयारियों में लगे कर्मचारियों को डराने का प्रयास बर्दास्त नहींः आयोग

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**




पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने साफ कहा है कि चुनाव ड्यूटी में लगे किसी भी कर्मचारी को डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चाहे वह बीएलओ हों, ईआरओ, एईआरओ या ऑब्जर्वर। सभी की सुरक्षा और सम्मान सर्वोपरि है।

गौरतलब है कि बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से मुलाकात की थी। इसके बाद पार्टी महासचिव एंव सांसद अभिषेक बनर्जी ने बाहर आकर आयोग पर कई सवाल उठाए। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रतिनिधिमंडल को स्पष्ट रूप से बताया कि राज्य सरकार को तुरंत प्रत्येक बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को बढ़ा हुआ मानदेय जारी करना चाहिए, जिसे आयोग की मंजूरी मिल चुकी है। साथ ही आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनावी प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए नए कदम उठाए जा रहे हैं। आयोग का मानना है कि बीएलओ चुनावी व्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों व सुविधाओं की अनदेखी चुनावी निष्पक्षता को प्रभावित कर सकती है।

टीएमसी प्रतिनिधिमंडल को आयोग ने जानकारी दी कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ऊंची आवासीय इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी-बस्तियों में भी मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को वोट डालने में परेशानी न हो और मतदान प्रतिशत बढ़े। चुनाव आयोग ने दो टूक कहा कि टीएमसी यह सुनिश्चित करे कि उसके जमीनी स्तर के राजनीतिक प्रतिनिधि या कार्यकर्ता चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को धमकाने में शामिल न हों। आयोग ने चेतावनी दी कि अगर कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में लेने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया कि किसी भी चुनावी कर्मचारी चाहे वह बीएलओ हो या ऑब्जर्वर को डराना गंभीर अपराध माना जाएगा।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलेरी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का भव्य आगाज

» राजेश सलूजा




हरियाणा, यूटर्न/ 01 जनवरी। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुलेरी में आज 31 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का विधिवत शुभारंभ हुआ। उद्घाटन समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी अमनदीप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य जगमहेंद्र ने की। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमनदीप ने विद्यार्थियों के जीवन में राष्ट्रीय सेवा योजना की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना केवल समाज सेवा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, सामाजिक चेतना और संवेदनशीलता का विकास करती है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास एवं सात दिवसीय शिविर की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का परिचय कराया। वहीं प्राध्यापक सुरेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि स्वयं से पहले सेवा का भाव विद्यार्थियों को जिम्मेदार और जागरूक नागरिक बनाता है। विद्यालय प्राचार्य जगमहेंद्र ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए स्वयंसेवकों से शिविर के दौरान अनुशासन एवं सक्रिय सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से सुरेंद्र कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, शीतेंदर पाल, ओमप्रकाश सहित अन्य शिक्षक उपस्थित रहे। आगामी सात दिनों तक चलने वाले इस शिविर के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक गांव में स्वच्छता अभियान, जागरूकता रैलियां तथा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करेंगे।

# उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिलेवासियों को नववर्ष 2026 की दी शुभकामनाएं

» हरियाणा, यूटर्न/ 01 जनवरी।



उपायुक्त उपायुक्त महेंद्र पाल ने नववर्ष के अवसर पर समस्त जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने जिले के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों को नए साल की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि सभी लोग अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए जिले के सर्वांगीण विकास में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने कहा कि नववर्ष 2026 सभी के जीवन में नई ऊर्जा, उत्साह और खुशहाली लेकर आए। उपायुक्त ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाला वर्ष जिले की प्रगति और विकास के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और उन्हें आमजन तक पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने जिलेवासियों से आह्वान किया कि वे आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ नववर्ष का स्वागत करें तथा जरूरतमंद और कमजोर वर्ग के लोगों के जीवन में खुशियाँ लाने का प्रयास करें।

## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत, दुर्घटनाओं में कमी का लक्ष्य

**वाराणसी, यूटर्न/ 01 जनवरी।** परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने वाराणसी में कहा कि देश और प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की घटनाओं ने चिंता बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए नागरिक चेतना का निर्माण बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग 1 जनवरी 2026 से सड़क सुरक्षा माह शुरू कर रहा है। उनका कहना था कि इस अभियान से शहर से लेकर गांव तक लोगों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी। राज्य मंत्री ने बताया कि हर साल उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतें कोरोना महामारी के दौरान हुई मौतों से अधिक हैं। 70 फीसदी दुर्घटनाएं मानवीय लापरवाही के कारण होती हैं। सड़क दुर्घटनाओं में 98 फीसदी मौतें 18 से 40 वर्ष के युवाओं की होती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और पुलिस लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना ये प्रयास पूरी तरह सफल नहीं होंगे। सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम 50% कमी लाने के लिए परिवहन विभाग ने कई कदम उठाए हैं। इसमें 75 आरटीओ सुरक्षा पदों की भर्ती, 600 सिपाहियों की नियुक्ति और 352 मोटर व्हीकल इंस्पेक्टरों की तहसील स्तर पर तैनाती शामिल है।

### सिगरेट-तंबाकू के रेट में होगा इजाफा, केंद्र सरकार ने कर दिया नए सेस और अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी का ऐलान

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** केंद्र सरकार ने तंबाकू उत्पादों पर कर व्यवस्था को और सख्त करते हुए बड़ा फैसला लिया है। सरकार ने सिगरेट, तंबाकू, पान-मसाला और गुटखा जैसे उत्पादों पर अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी और नया सेस लगाने का ऐलान किया है, जो 1 फरवरी 2026 से पूरे देश में लागू होगा। इस फैसले के लागू होते ही तंबाकू उत्पादों की कीमतों में बड़ा इजाफा होना तय माना जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने 31 दिसंबर की देर रात इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। नए नियमों के तहत तंबाकू और सिगरेट पर लगने वाली यह अतिरिक्त एक्साइज ड्यूटी 40 फीसदी जीएसटी दर के ऊपर होगी।

# साल के पहले दिन जख्मी और बीमार सैनिकों से मिलने अस्पताल पहुंचे सेनाध्यक्ष



» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

नववर्ष 2026 के पहले ही दिन थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी भारतीय सेना के जवानों के बीच मौजूद रहे। नव वर्ष के अवसर पर थल सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल का दौरा किया।

अपने इस विशेष अवलोकन के दौरान उन्होंने यहां उपचाराधीन सैन्य जवानों, अधीनस्थ अधिकारियों और पूर्व सैनिकों से मुलाकात की। सेनाध्यक्ष ने यहां इन सैनिकों के अदम्य साहस, जज्बे और हर परिस्थिति में लड़ने की भावना की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने उपचार करा रहे सैनिकों व पूर्व सैनिकों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना भी की। गौरतलब है कि दिल्ली कैंट स्थित बेस हॉस्पिटल देश के सबसे बड़े सैन्य अस्पतालों में शुमार है। जनरल द्विवेदी ने अस्पताल में तैनात सैन्य चिकित्सकों और पैरामेडिकल स्टाफ के समर्पण, पेशेवर उत्कृष्टता और कर्तव्यनिष्ठ सेवा की भी भरपूर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि चिकित्सा दल द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयास न केवल रोगियों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, बल्कि यह भारतीय सेना की देखभाल एवं सेवा के उच्च मानकों को भी दर्शाते हैं। जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने बेस हॉस्पिटल के संपूर्ण स्टाफ को उनकी संवेदनशील, मानवीय और निरंतर सेवा भावना के लिए धन्यवाद दिया। धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा कि वे सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने नए वर्ष के अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए अस्पताल प्रशासन को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन का आश्वासन दिया। गौरतलब है कि भारतीय थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने नव वर्ष पर अपने एक संदेश में कहा है कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई की और दुश्मन को करारा जवाब दिया गया। यह अभियान आज भी जारी है। उन्होंने बताया कि सेना बॉर्डर पर सतर्कता बरत रही है। वहीं सेना देश के भीतर आपदाओं में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गुरुवार को नव वर्ष के अवसर पर सेनाध्यक्ष ने कहा, भारतीय सेना राष्ट्र की सुरक्षा पूर्ण सतर्कता और दृढ़ संकल्प के साथ सुनिश्चित कर रही है। गत वर्ष शत्रु के नापाक इरादों को ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत दृढ़ एवं निर्णायक कार्रवाई द्वारा करारा उत्तर दिया गया, और यह अभियान आज भी निरंतर जारी है।

# कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी, वांछित आरोपी गिरफ्तार



**नोएडा, यूटर्न/ 01 जनवरी।** नोएडा के सेक्टर-142 थाने की पुलिस ने कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान देवान्श शर्मा उर्फ श्याम गौतम के रूप में हुई है, जो फर्जी दस्तावेजों के जरिए लोगों को प्रॉपर्टी दिलाने का झांसा देकर उनसे मोटी रकम वसूल करता था। इस मामले में पुलिस फरार दूसरे अभियुक्त की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सेक्टर-142 में पीड़ित की ओर से 18 अक्टूबर को एक शिकायत दी गई थी।

शिकायत में आरोप लगाया गया कि श्याम गौतम और उसका भाई विष्णु गौतम, दोनों पुत्र जयप्रकाश गौतम, नकली अलॉटमेंट लेटर और फर्जी एग्रीमेंट तैयार कर अन्य कंपनियों के प्रोजेक्ट को अपना बताकर बेचते थे। आरोपियों ने कमर्शियल प्रॉपर्टी दिलाने का लालच देकर कई लोगों से पैसे ऐंठे, लेकिन न तो प्रॉपर्टी दिलाई गई और न ही रकम वापस की गई। इस संबंध में थाना सेक्टर-142 में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के तहत 31 दिसंबर को अभियुक्त देवान्श शर्मा उर्फ श्याम गौतम को गिरफ्तार किया गया। वहीं, उसका सह-अभियुक्त और भाई विष्णु गौतम अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# जीएसटी कलेक्शन ने भर दिया सरकार का खजाना

दिसंबर में 6.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी, 1.74 लाख करोड़ के पार

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**




वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से केंद्र सरकार की आय में लगातार मजबूती देखने को मिल रही है। सरकार ने गुरुवार, 1 जनवरी 2026 को दिसंबर 2025 के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े जारी किए, जो उत्साहजनक रहे। साल के आखिरी महीने में जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 6.1 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 1.74 लाख करोड़ रुपये से अधिक पहुंच गया है। दिसंबर 2024 में यह आंकड़ा करीब 1.64 लाख करोड़ रुपये था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बड़े पैमाने पर जीएसटी दरों में कटौती के बावजूद राजस्व संग्रह में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में घरेलू लेन-देन से प्राप्त ग्रॉस रेवेन्यू 1.2 फीसदी बढ़कर 1.22 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। वहीं, आयातित वस्तुओं से मिलने वाला राजस्व तेजी से बढ़ा और इसमें 19.7 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे यह 51,977 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

इस दौरान जीएसटी रिफंड में भी उल्लेखनीय उछाल देखने को मिला। दिसंबर महीने में रिफंड की राशि 31 फीसद बढ़कर 28,980 करोड़ रुपये हो गई। रिफंड समायोजित करने के बाद नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.45 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा, जो पिछले साल की तुलना में 2.2 फीसदी अधिक है।

हालांकि, सेस कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। दिसंबर 2025 में सेस कलेक्शन घटकर 4,238 करोड़ रुपये रह गया..

# दिल्ली में ईडी की बड़ी कार्रवाई, करोड़ों की नकदी, सोना और दस्तावेज जब्त

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण दिल्ली के सर्वप्रिय विहार में तलाशी अभियान चलाया था और 5.12 करोड़ रुपए नकद, 8.8 करोड़ रुपए के सोने और हीरे के गहने तथा 35 करोड़ रुपए की संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए थे। अब केंद्रीय जांच एजेंसी ने वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के घर और फार्महाउस पर भी सर्च अभियान चलाया। यह सर्च अभियान 30 दिसंबर को शुरू हुआ था, जो सुनील गुप्ता के ठिकानों पर अभी भी चल रहा है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सुनील गुप्ता ने पहले अमन कुमार को ऋण दिया था, जो इंदरजीत सिंह का साथी है। ईडी की जांच के बाद अमन कुमार ने सुनील गुप्ता को बड़ी रकम स्थानांतरित कर अपराध की आय को छिपाने की कोशिश की थी।

वेस्टएंड ग्रीन फार्म्स में सुनील गुप्ता के ठिकानों से अब तक 1.22 करोड़ रुपए नकद और लगभग 8.50 करोड़ रुपए के गहने जब्त किए जा चुके हैं। इससे पहले ईडी ने बताया था कि इंदरजीत सिंह यादव, उसके सहयोगियों, अपोलो ग्रीन एनर्जी लिमिटेड तथा उससे जुड़ी अन्य संस्थाओं/व्यक्तियों के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी अभियान चलाया गया था। ईडी की जांच के अनुसार, इंदरजीत सिंह यादव पर अवैध वसूली, निजी फाइनेंसरों से जबरन ऋण निपटान, हथियारों के दम पर धमकी देने और इन गैरकानूनी गतिविधियों से कमीशन कमाने के आरोप हैं।

यूटर्न टाइम THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

फटाफट खबरें

## तेल कारोबारी से 45.67 लाख रुपये की धोखाधड़ी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** सिहानी गेट थाना क्षेत्र स्थित नेहरू नगर में रहने वाले ऋत्विक अग्रवाल ने दिल्ली की मैसर्स वेदी ट्रेडिंग कंपनी और उनके मालिकों व फर्जी जमानतियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। कोर्ट के आदेश पर सिहानी गेट पुलिस ने कंपनी के मालिकों सहित नौ आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि ऋत्विक अग्रवाल के मुताबिक उनका सरसों के तेल का कारोबार है। दिल्ली की नॉर्थ एक्स मंडल स्थित मैसर्स वेदी ट्रेडिंग कंपनी उनकी फर्म से सरसों का तेल खरीदती है। फर्म पर 45 लाख 67 हजार 866 रुपये बकाया होने पर उन्होंने उनके संचालक ऊषा देवी व ईश वेदी निवासी गुड़गांव से तकादा किया। आरोप है कि फर्म संचालकों ने उन्हें बगैर जीएसटी की धनराशि के चेक दे दिया जो बाउंस हो गया। आरोपियों के खिलाफ चेक बाउंस का मुकदमा दर्ज कराया तो आरोपियों ने कोर्ट में वाहन के कूटरचित दस्तावेज और फर्जी गवाहों के बलबूते जमानत ले ली। पीड़ित ने ऊषा देवी, ईश वेदी, रोहित पुत्र ज्ञान, रोहित पुत्र हरीश, हरीश, नफीस और अज्ञात के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया है।

## मानसिक दिव्यांग से दुष्कर्म का आरोप, पिता ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**इंदिरापुरम, यूटर्न/ 01 जनवरी।** थाना क्षेत्र के न्यायखंड में रहने वाले एक मानसिक दिव्यांग युवक से पड़ोसी पर दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप है। युवक के पिता ने मामले में इंदिरापुरम थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि पड़ोसी काफी समय से शोषण करता आ रहा है। न्यायखंड में रहने वाले एक पीड़ित पिता ने पुलिस को बताया कि उनका 19 वर्षीय पुत्र मानसिक रूप से बीमार है और उसका लंबे समय से उपचार चल रहा है। उन्होंने पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति पर बेटे को बहलाकर अपने साथ ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पिता का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से उनका बेटा गुमसुम रहने लगा था, पूछने पर बेटे ने उन्हें इसकी जानकारी दी। आरोप है कि आरोपी पूर्व में भी एक युवक के साथ दुष्कर्म करते हुए पकड़ा जा चुका है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि पिता की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# विपक्ष का एजेंडा सिर्फ सत्ता हथियाना, अभिषेक बनर्जी को योगेंद्र चंदोलिया का जवाब

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी पर पलटवार किया है। उन्होंने आरोप लगाए कि अपनी सत्ता को खतरे में देखते हुए अभिषेक बनर्जी और टीएमसी एसआईआर के खिलाफ माहौल बनाना चाहते हैं।

योगेंद्र चंदोलिया ने कहा, अभिषेक बनर्जी को पूरे देश के अंदर हो रही एसआईआर की स्थिति के बारे में पता होना चाहिए। योगी आदित्यनाथ के राज में उत्तर प्रदेश जैसी जगहों पर करीब तीन करोड़ वोट हटाए जा रहे हैं। तो वह यहां आपत्ति क्यों उठा रहे हैं, जहां रोहिंग्याओं के वोट डबल हैं? मरे हुए लोगों के वोट हटाने पर इतनी चिंता क्यों है? उन्हें बस यही लगता है कि उनकी सत्ता खतरे में है और वे ऐसा



माहौल बनाना चाहते हैं।

अभिषेक बनर्जी की तरफ से हरियाणा में कांग्रेस की हार का जिक्र करने पर भाजपा सांसद ने कहा, नरेंद्र मोदी सरकार के सामने विपक्ष की कोई रणनीति नहीं है। वे एक-दूसरे को धोखा देते हैं। निश्चित रूप से मैं कह सकता हूं कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी, कांग्रेस और सीपीआईएम अलग-अलग लड़ेंगे। ये सिर्फ प्रधानमंत्री मोदी को घेरने आते हैं और अंत में जब सरकार बनाने की बात आती है तो ये आपस में लड़ेंगे। इनका कोई कॉमन एजेंडा नहीं है। इनका एजेंडा सत्ता को हथियाना है।

भाजपा सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने संघ प्रमुख मोहन भागवत के हिंदू राष्ट्र वाले बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, उनका (मोहन भागवत) बयान स्वागत योग्य है। ये भारत देश हिंदुओं का है और यहां हिंदू किसी भी तरह का अत्याचार सहने को तैयार नहीं है। दूसरे धर्म और जाति के लोग हैं, उनको अपनी सीमा और मर्यादा में रहना चाहिए, इस बात का उनको ध्यान रखना चाहिए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की विवादित टिप्पणी पर भाजपा सांसद ने कहा, वह दुशासन की बात कर रही हैं। अगर अमित शाह बंगाल जाते हैं, तो हमारी पहचान सुशासन के नाम पर है, दुशासन के नाम पर नहीं है।

उन्होंने कहा, दुशासन और दुर्योधन उस जगह हैं, जहां देश की जनता का चीरहरण किया जा रहा है। नैतिक जिम्मेदारी सरकार की होती है, लेकिन जानबूझकर लोगों को मारा और काटा जा रहा है। ममता बनर्जी एक ऐसी मुख्यमंत्री हैं, जो तानाशाही प्रवृत्ति के अनुसार बंगाल में शासन कर रही हैं।

योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि जब सत्ता से जाने का समय आ चुका है तो उन्हें दुशासन और दुर्योधन याद आ रहे हैं। जनता टीएमसी सरकार की ओर से किए गए पाप के लिए उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने दावा किया कि भाजपा की सरकार पश्चिम बंगाल में जरूर बनेगी।

## चलती गाड़ियों में युवतियों ने किया स्टंट, पुलिस ने की कार्रवाई

**» फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

ग्रेटर फरीदाबाद के सेक्टर 88 की सड़कों पर चलती गाड़ियों में युवक-युवतियों ने जमकर स्टंट किए। कभी गाड़ी की खिड़की पर लटके तो कभी सनरूफ से बाहर निकलकर हवाबाजी की। मामला सोशल मीडिया में आने के बाद बीपीटीपी पुलिस हरकत में आई और वीडियो के आधार पर तीन अज्ञात कार चालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि 30 दिसंबर को सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा था। वायरल वीडियो सोमवार की दोपहर का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक-युवतियां चलती गाड़ियों के सनरूफ से बाहर निकलकर, खिड़कियों पर आधा लटककर और कुछ कार की छत पर बैठकर हुड़दंग मचा रहे थे।

## ईकोटेक-3 में मुठभेड़ के बाद शातिर बदमाश गिरफ्तार

**» ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

गौतमबुद्धनगर जिले में नववर्ष के मौके पर कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना ईकोटेक-3 पुलिस और एक शातिर बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से अवैध हथियार, चोरी की मोटरसाइकिल और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार 1 जनवरी 2026 को थाना ईकोटेक-3 पुलिस टीम कुलेसरा से लखनावली की ओर जाने वाले पुस्ता रोड के



आसपास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सामने से एक मोटरसाइकिल पर सवार व्यक्ति आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा उसे रुकने का इशारा किया गया, लेकिन वह नहीं रुका और तेज गति से सैनिक विहार सुत्याना की दिशा में भागने लगा। भागने के दौरान उसकी मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई। खुद को पुलिस से घिरा देख बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी।

## द क्लॉक टॉवर रेस्टोरेंट में चल रहा था बार, दो पकड़े

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** आबकारी टीम ने मंगलवार की देर रात कविनगर क्षेत्र स्थित द क्लॉक टॉवर रेस्टोरेंट में छापा मारकर शराब पिलाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मौके से यूपी और हरियाणा मार्का की विदेशी शराब भी बरामद की गई है। हालांकि संचालक टीम को देखकर भाग गया। सेक्टर एक के आबकारी निरीक्षक कीर्ति सिंह ने रेस्तरां संचालक सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिला आबकारी अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि निरीक्षक कीर्ति सिंह ने मंगलवार की रात करीब 10 बजे द क्लॉक टॉवर रेस्टोरेंट पर टीम सहित छापा मारा। रेस्टोरेंट में लोग शराब पी रहे थे जबकि लाइसेंस नहीं था। मौके से हरियाणा और यूपी मार्का की कई ब्रांड की शराब भी बरामद की गई है। शराब पी रहे लोग टीम को देखते ही मौके से भाग गए।

## गाना बजाने पर पड़ोसी ने चाकू से वारकर दो को किया घायल

**लोनी, यूटर्न/ 01 जनवरी।** जन्मदिन की पार्टी में गाना बजाने के दौरान कासिम विहार कॉलोनी में पड़ोसी ने चाकू मारकर दो युवकों को घायल कर दिया। घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया। मामले में पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कासिम विहार कॉलोनी में नौरेज परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि उनके बेटे नाजिम का रविवार को जन्मदिन था। शाम के समय जन्मदिन की पार्टी के दौरान डीजे पर गाने चल रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक इमरान उर्फ रोमियों अपने कुछ साथियों के साथ घर पहुंचा। आरोप है कि घर पर आते ही उसने गाना बजाने को लेकर गाली गलौज करनी शुरू कर दी। पुत्र नाजिम ने उसे घर जाने को कहा। जिस पर पड़ोसी व उसके साथियों ने नाजिम व उसके साथी मुजाहिद को चाकू मारकर घायल कर दिया।



## पैरोकार को गोली मारने वाला बदमाश मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**लोनी, यूटर्न/ 01 जनवरी।** अंकुर विहार थाना क्षेत्र के विजय विहार अंडर पास पर हत्या में पैरोकारी कर रहे मुकुल बंसल को गोली मारने वाले बदमाश को पुलिस ने मंगलवार रात ट्रॉनिका सिटी औद्योगिक क्षेत्र स्थित गेट नंबर 3 के पास से गिरफ्तार किया है। कब्जे से चोरी की बाइक, तमंचा और कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पुलिस की टीम मंगलवार रात गेट नंबर 3 के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने सामने से आ रहे बाइक सवार संदिग्ध को रोकने का इशारा किया। पुलिस के रोके जाने पर बाइक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी। संतुलन बिगड़ने पर बदमाश रोड पर गिर गया। पुलिस ने घायल बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया। एसीपी लोन सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम दीपक गैराठी निवासी भुआपुर सेक्टर 65 गुरुग्राम हरियाणा बताया।




## बैंक एजेंट पर ग्राहकों से धोखाधड़ी का आरोप

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** नगर कोतवाली क्षेत्र स्थित केनरा बैंक शाखा की मुख्य प्रबंधक ने नित्य निधि डिपॉजिट (एनएनडी) एजेंट के खिलाफ ग्राहकों से धोखाधड़ी करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। एसीपी नगर कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि मालीवाड़ा स्थित केनरा बैंक की मुख्य प्रबंधक स्वाति के मुताबिक उनकी शाखा में नेहरू नगर निवासी मनीष महाजन बतौर एनएनडी एजेंट के रूप में कार्यरत है। कई ग्राहकों ने शिकायत दर्ज कराई है कि मनीष महाजन ने उनसे रुपये लिए लेकिन खाते में जमा नहीं किए। मामले की जांच पड़ताल की गई तो आरोप सिद्ध हुए हैं। बताया कि कितने ग्राहकों के साथ आरोपी ने धोखाधड़ी की है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। एसीपी ने बताया कि आरोपी मनीष महाजन के खिलाफ धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## महिला की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हुई, पति पर हत्या का आरोप

**» लोनी, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र की पूजा कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। महिला का शव फंदे पर लटका हुआ मिला था। महिला के परिजनों का आरोप है कि पति ने गला दबाकर हत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस महिला के पति से पूछताछ कर रही है।



यूपी के फतेपुर में रहने वाले मेवा लाल ने अपनी बेटी सोनी की शादी करीब 10 साल पहले लोनी के पूजा कॉलोनी में रहने वाले विरेंद्र के साथ की थी। मेवा लाल भट्टे पर काम करते हैं। सोनी के पति विरेंद्र मजदूरी करते हैं। सोनी के चचेरे भाई सुनील ने बताया कि शादी के बाद से विरेंद्र उनकी बहन को परेशान करता था। उन्हें और परिवार के अन्य सदस्यों को किसी ने बताया कि उनकी बहन की मौत हो गई। इसकी जानकारी बहन के ससुराल वालों ने नहीं दी। जानकारी मिलने के बाद वह पूजा कॉलोनी पहुंचे। फतेहपुर में भी घटना की जानकारी दी गई। आरोप है कि पूजा कॉलोनी पहुंचते देखा कि सोनी के अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। उन्होंने पुलिस को जानकारी देकर अंतिम संस्कार रुकवा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोनी के शव को कब्जे में लिया।

एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि मामले में शिकायत नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत के कारण का पता चलेगा। पुलिस जांच कर रही हैं। पति से भी पूछताछ की जा रही है।

## 78 किमी की दूरी तय करने में ट्रेन को लग गए पांच घंटे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** बुलंदशहर तिलक ब्रिज मेमू बुधवार को 16 किमी प्रतिघंटे की स्पीड से चल पाई। 78 किमी की दूरी तय करने में इसे पांच घंटे लग गए। यह बुलंदशहर से सुबह 5.40 चलती है, इसके गाजियाबाद पहुंचने का समय सुबह 7:45 है, लेकिन यह 10:45 पर आई। बुलंदशहर से इस ट्रेन में बड़ी संख्या में नौकरी पेशा वाले लोग आते हैं। ट्रेन के देरी से चलने से वह परेशान दिखे। यात्रियों ने कहा कि रोजाना नए-नए बहाने बनाकर लोकल ट्रेनों के यात्रियों की उपेक्षा हो रही है। दैनिक यात्री दिनेश ने कहा कि जब लोकल यात्रियों का कोई महत्व ही नहीं है तो लोकल ट्रेनों को भी बंद कर देना चाहिए।

# नए साल की शुरूआत में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 111 रुपए महंगा

**1 जनवरी 2026 से लागू हुई नई दरें, घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं**

» **मुंबई, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

नए साल 2026 की शुरूआत के साथ ही कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का इस्तेमाल करने वालों को झटका लगा है। 1 जनवरी 2026 से 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 111 रुपये की बढ़ोतरी कर दी गई है। यह बढ़ोतरी देशभर में लागू की गई है, जबकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं



किया गया है। नई दरों के अनुसार राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाला कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर अब 1,691.50 रुपये में मिलेगा, जो पहले 1,580.50 रुपये का था।

कोलकाता में इसकी कीमत 1,684 रुपये से बढ़कर 1,795 रुपये हो गई है। मुंबई में कमर्शियल सिलेंडर अब 1,642.50 रुपये में उपलब्ध होगा, जबकि पहले इसकी कीमत 1,531.50 रुपये थी। वहीं, चेन्नई में इसके दाम 1,739.50 रुपये से बढ़ाकर 1,849.50 रुपये कर दिए गए हैं। कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का उपयोग मुख्य रूप से होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में किया जाता है। ऐसे में कीमतों में हुई यह बढ़ोतरी सीधे तौर पर इन कारोबारों की लागत बढ़ा सकती है, जिसका असर खाने-पीने की चीजों की कीमतों पर भी देखने को मिल सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले दिसंबर 2025 में कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में मामूली कटौती की गई थी।

1 दिसंबर 2025 से दिल्ली और कोलकाता में दाम 10 रुपये घटाए गए थे, जबकि मुंबई और चेन्नई में 11 रुपये की राहत दी गई थी। घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आखिरी बार इनमें संशोधन 8 अप्रैल 2025 को किया गया था। फिलहाल दिल्ली में घरेलू सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये की दर पर मिल रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### विदेशी पूंजी निकासी से रुपया 11 पैसे टूटकर 89.99 डॉलर पर

**मुंबई , यूटर्न/ 01 जनवरी।** नए साल 2026 की शुरुआत में भारतीय रुपया दबाव में नजर आया। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 11 पैसे टूटकर 89.99 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 89.94 पर खुला, लेकिन जल्द ही कमजोरी बढ़ते हुए 89.99 तक फिसल गया। बुधवार को 2025 के अंतिम कारोबारी सत्र में रुपया 89.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी रुपये पर दबाव बना रही है, जिससे नए साल की शुरुआत नकारात्मक रही। हालांकि, उनका कहना है कि भारत के मजबूत व्यापक आर्थिक संकेतक और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार रुपये को आगे स्थिरता प्रदान कर सकते हैं। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की बढ़त के साथ 98.32 पर कारोबार करता दिखा, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं की मुद्राओं पर अतिरिक्त दबाव का संकेत देता है।

### आईआरईडीए में मजबूत प्रदर्शन, लोन बुक 90 हजार करोड़ के करीब

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** इंडियन रिन्यूएबल एनर्जी डेवलपमेंट एजेंसी (आईआरईडीए) :के शेयरों में गुरवार को कारोबार के दौरान हल्की तेजी देखने को मिली। इसकी वजह कंपनी द्वारा जारी किए गए चालू वित्त वर्ष 2026 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2025) के मजबूत कारोबारी आंकड़े रहे। हालांकि, शुरूआती तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की, जिससे अधिकतर बढ़त खत्म हो गई।

## पल्सर बजाज ऑटो की सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक बनी

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** बीते नवंबर महीने में बजाज ऑटो कंपनी की पल्सर बाइक सबसे ज्यादा बिकने वाली बाइक बनी रही। नवंबर 2025 में पल्सर को 1,13,802 नए ग्राहकों ने खरीदा। हालांकि सालाना आधार पर इसकी बिक्री में 0.58 प्रतिशत की मामूली गिरावट दर्ज की गई हो, लेकिन इसके बावजूद पल्सर ने बजाज की कुल बिक्री में 59.5 प्रतिशत की बड़ी हिस्सेदारी हासिल की। बजाज की कुल बिक्री में पल्सर का योगदान यह साफ दर्शाता है कि युवाओं के बीच इस ब्रांड की लोकप्रियता अब भी बरकरार है। दमदार इंजन, स्पोर्टी लुक और अलग-अलग सेगमेंट में उपलब्ध वेरिएंट्स ने पल्सर को हर वर्ग के ग्राहकों की पसंद बनाए रखा है। बिक्री के मामले में दूसरे स्थान पर बजाज चेतक रही। इलेक्ट्रिक स्कूटर सेगमेंट में चेतक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नवंबर में 38,022 यूनिट्स की बिक्री दर्ज की। सालाना आधार पर चेतक की बिक्री में 47 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी हुई, जो इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को दर्शाती है। तीसरे नंबर पर बजाज प्लैटिना रही, हालांकि इसकी बिक्री में 28 प्रतिशत से अधिक की गिरावट देखी गई। इसके अलावा बजाज सिटी, अवेंजर, फ्रीडम और डोमिनार जैसी बाइक्स का योगदान सीमित रहा। कुल मिलाकर, पल्सर ब्रांड बजाज ऑटो की रीढ़ बना हुआ है।

## महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सड हाई-टेक फीचर्स के साथ जल्द होगी लॉन्च

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** स्वदेशी कार निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा अपनी लोकप्रिय एसयूवी एक्सयूवी700 के फेसलिफ्ट वर्जन को जल्द ही नए नाम महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सड के साथ लॉन्च करने की तैयारी में है। महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सड में ट्रिपल 12.3-इंच स्क्रीन सेटअप मिलने की संभावना है, जिसमें डिजिटल इंस्टूमेंट क्लस्टर, इंफोटेनमेंट सिस्टम और को-ड्राइवर डिस्प्ले शामिल हो सकते हैं। यह एसयूवी सिर्फ डिजाइन अपडेट तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसमें कई नए प्रीमियम और अत्याधुनिक फीचर्स जोड़े जाएंगे, जो इसे मौजूदा एक्सयूवी700 से कहीं ज्यादा लग्जरी बनाएंगे। इसके अलावा 16-स्पीकर हारमन कारडोन साउंड सिस्टम, बीयोड टैबलेट डॉक, पावर्ड को-ड्राइवर सीट और इलेक्ट्रिक टेलगेट जैसे फीचर्स भी दिए जा सकते हैं। इस एसयूव्ही में मल्टी-कलर एम्बिएंट लाइटिंग, स्लाइडिंग सेकंड रो सीट्स और वेंटिलेटेड रियर सीट्स जैसे फीचर्स मिलने की उम्मीद है, जो इसे फैमिली कार के रूप में और ज्यादा आरामदायक बनाएंगे। इसके साथ ही अफब्रेस्ड हेड-अप डिस्प्ले और रियर पैसेंजर्स के लिए वायरलेस फोन चार्जर जैसे एडवांस फीचर्स भी इसमें शामिल हो सकते हैं। कुल मिलाकर, महिंद्रा एक्सयूवी7एक्सड को टेक्नोलॉजी और प्रीमियमनेस का बेहतरीन मेल माना जा रहा है।

## नए साल में पेश होगा नया फोन हॉनर पावर 2

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।** ऑनर कंपनी 2026 के पहले क्वार्टर में अपना नया फोन हॉनर पावर 2 पेश करने जा रही है। कंपनी ने हाल ही में पोस्टर जारी कर इसकी लॉन्च डेट कन्फर्म की है। ऑनर ने हाल ही में अपने 10,000 एमएएच बैटरी वाले विन और विन आरटी स्मार्टफोन्स लॉन्च किए थे। यह फोन 5 जनवरी को लॉन्च होगा और इसमें 10080 एमएएच की बड़ी बैटरी दी जाएगी। ऑनर के मुताबिक, इस बैटरी के साथ फोन 20.3 घंटे का स्क्रीन-ऑन समय, 22 घंटे का शॉर्ट वीडियो प्लेबैक और 14.2 घंटे की गेमिंग अनुभव प्रदान कर सकेगा। हॉनर पावर 2 में 6.79 इंच का एलटीपीएस ओलेड डिस्प्ले दिया जाएगा, जिसका रिजॉल्यूशन 1.5के होगा और यह 120एचझेड रिफ्रेश रेट के साथ आएगा। डिस्प्ले की पीक ब्राइटनेस 8000 निट्स तक होने की संभावना है। फोन एंड्राइड 16 आधारित मैजिक ओएस 10 पर चलेगा और ऑल-न्यू डायमेंसिटी 8500 इलाइट चिपसेट से लैस होगा।

# भारत-मालदीव का द्विपक्षीय व्यापार बीते 8 वर्षों में तीन गुना बढ़ा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

भारत और मालदीव का द्विपक्षीय व्यापार बीते आठ वर्षों में तीन गुना बढ़ा है। इस दौरान भारत का निर्यात दोगुना होकर वित्त वर्ष 2024-25 में 680 मिलियन डॉलर पर पहुंच गया है, जबकि मालदीव से आयात 20 गुना बढ़कर 119 मिलियन डॉलर हो गया है।

बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटक मालदीव घूमने जाते हैं और इससे बीते कुछ वर्षों में दोनों देशों की एक-दूसरे पर निर्भरता काफी बढ़ी है।

मालदीव इनसाइट समाचार पोर्टल में प्रकाशित एक लेख के अनुसार,हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मालदीव यात्रा के बाद भारत-मालदीव संबंधों में एक नया मोड़ आया है, जिसके दौरान आठ महत्वपूर्ण द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

इन समझौतों में ऋण राहत भी शामिल है, जिससे मालदीव पर वार्षिक ऋण चुकौती का बोझ 40 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसमें बुनियादी ढांचे के लिए 565 मिलियन डॉलर की क्रेडिट लाइन, यूपीआई-रुपे एकीकरण, मत्स्य पालन सहयोग, आवास परियोजनाएं, सुरक्षा सहायता, जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपाय और मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और निवेश संधि वार्ता को आगे बढ़ाना भी शामिल है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत द्वारा



निर्यात की जाने वाली वस्तुएं, जिनमें पेट्रोलियम उत्पाद, दवाइयां और चावल, फल और सब्जियां जैसे खाद्य पदार्थ शामिल हैं, मालदीव के लिए आर्थिक रूप से आवश्यक हैं। इसके अतिरिक्त, भारत द्वारा निर्यात की जाने वाली मशीनरी, विद्युत उपकरण और परिवहन वाहन मालदीव में उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मूल्य के हिसाब से भले ही मालदीव से आयात कम हो, लेकिन इसका रणनीतिक और आर्थिक महत्व है। भारत मुख्य रूप से मछली और समुद्री उत्पाद आयात करता है।

लेख में कहा गया है कि पर्यटन भारत और मालदीव के बीच सबसे प्रत्यक्ष और गतिशील सेतु है। इसमें बताया गया है कि मालदीव में पर्यटकों के आगमन के मामले में भारत लगातार शीर्ष देशों में शुमार रहा है, जिससे पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था को स्थिरता और मजबूती मिलती है, खासकर तब जब यूरोप या पूर्वी एशिया से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उतार-चढ़ाव होता है।

लेख में यह भी कहा गया है कि भारत-मालदीव संबंध बुनियादी पड़ोसी संबंधों से विकसित होकर एक परिपक्व, बहुआयामी साझेदारी में तब्दील हो गए हैं, जो विश्वास, विकास और साझा दृष्टिकोण पर आधारित है।

लेख में आगे कहा गया है कि प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते और द्विपक्षीय निवेश संधि के साथ भारत-मालदीव संबंधों का भविष्य और भी व्यापक होने की ओर अग्रसर है, जिनसे आर्थिक सहयोग मजबूत होने और निजी निवेश प्रवाह में वृद्धि होने की उम्मीद है।

## देश में जल्द चलेगी बुलेट ट्रेन, अश्विनी वैष्णव बोले- टिकट खरीद लीजिए

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

भारतीय रेलवे के इतिहास में जल्द ही एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरवार को यह जानकारी दी। रेल मंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि 15 अगस्त 2027 को देश को पहली बुलेट ट्रेन मिल जाएगी।

अश्विनी वैष्णव ने मजाकिया लहजे में कहा कि आप अभी से बुलेट ट्रेन की टिकट खरीद लीजिए, अगले साल बुलेट ट्रेन भी आ जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि परियोजना को तय समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए सरकार पूरी गंभीरता से काम कर रही है। रेल मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की पूरी टेस्टिंग और सर्टिफिकेशन पूरा हो गया है। इसका पहला रूट गुवाहाटी-कोलकाता प्रस्तावित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आने वाले दिनों में इस रूट पर पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यह रेलवे के लिए एक बड़ा मील का पत्थर है। वैष्णव ने आगे कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन यात्रियों को लंबी दूरी की रात की यात्राओं पर वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं, सुरक्षा और एक आधुनिक यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी।

पिछले साल नवंबर में ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने गुजरात दौरे के दौरान मुंबई-



अहमदाबाद हाईस्पीड रेल कॉरिडोर की प्रगति का भी जायजा लिया था। इसके लिए पीएम मोदी सूरत बुलेट ट्रेन स्टेशन पर पहुंचे थे, जहां उन्होंने काम में लगे इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत भी की थी।

इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें पीएम मोदी सूरत स्टेशन पर काम की बारीकी से जांच करते हुए नजर आए। इस दौरान उन्होंने इंजीनियरों और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने पूछा कि काम में किसी तरह की परेशानी तो नहीं आ रही है और प्रोजेक्ट को सफल बनाने के लिए किस तरह से काम किए जा रहे हैं? इस दौरान कर्मचारियों ने बताया कि हर स्तर पर पूरी मेहनत और बारीकी के साथ काम किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कर्मचारियों की मेहनत की सराहना की और कहा कि यह प्रोजेक्ट न सिर्फ गुजरात बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है।


## पैन-आधार नियमों से लेकर 8वें वेतन आयोग तक, 1 जनवरी से हो रहे ये वित्तीय बदलाव

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

आज से नए साल 2026 की शुरूआत हो गई है और इसी के साथ 1 जनवरी से कुछ ऐसे नए नियम लागू हो रहे हैं, जिनका आम आदमी की जेब पर सीधा असर पड़ सकता है। आज से यानी 1 जनवरी, 2026 से 8वां वेतन आयोग लागू हो रहा है। केंद्र सरकार इसे पहले ही मंजूरी दे चुकी है। इससे प्रत्यक्ष तौर पर करीब 50 लाख कर्मचारियों और लगभग 69 लाख पेंशनर्स को फायदा होगा। नए वेतन आयोग से सरकारी कर्मचारियों के वेतन में 20 से 35 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है।

सरकार ने 1 जनवरी 2026 से एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 111 रुपए की बढ़ोतरी की है। हालांकि राहत की बात यह है कि यह बढ़ोतरी सिर्फ 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर पर लागू की गई है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (14.2 किलो) की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

इसके साथ ही इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने नए साल से सीएनजी और पीएनजी की कीमतों में भी बदलाव किया है। सीएनजी की कीमतें जहां 3 रुपए सस्ती हो गई हैं, जबकि पीएनजी की कीमतें 0.70 रुपए सस्ती हो गई हैं। हालांकि देश के अलग-अलग शहरों में अलग-अलग



कीमतें लागू होंगी।

एक जनवरी से क्रेडिट स्कोर में भी बड़ा बदलाव होने जा रहा है। फिलहाल क्रेडिट स्कोर महीने में एक बार अपडेट होता है, लेकिन 2026 से यह हर हफ्ते यानी हर 7 दिनों में अपडेट होगा। इससे ईएमआई समय से भरने का फायदा जल्द ही मिलेगा। पैन को आधार से लिंक करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर, 2025 थी।

अगर आपने इस तारीख तक पैन को आधार लिंक नहीं किया, तो आपका पैन कार्ड एक जनवरी से निष्क्रिय हो जाएगा। ऐसे में आपको इनकम टैक्स भरने से लेकर बैंकों में बड़े लेनदेन करने में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। केंद्र सरकार ने पीएम किसान योजना का फायदा लेने वालों के लिए नया सिस्टम किसान आईडी पेश किया है। एक जनवरी 2026 से उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश जैसे कई राज्यों में यह सिस्टम लागू हो रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो और टेंपो आमने-सामने से टकराई, ऑटो चालक की मौत

**गुरुग्राम।** मानेसर में 29 दिसंबर की रात को ऑटो और टेंपो में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई की शिकायत पर टेंपो के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है। मृतक की पहचान मानेसर निवासी जयबीर के रूप में हुई है। मृतक के भाई सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई जयबीर ऑटो चलाता था। 29 दिसंबर की रात करीब 10 बजे जयबीर बाबा भीष्म मंदिर के पास सर्विस रोड से घर जा रहा था। इसी दौरान जयपुर की ओर से आ रहे टेंपो के चालक ने तेज गति व लापरवाही से जयबीर के ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में घायल जयबीर को उपचार के लिए सेक्टर-10 स्थित नागरिक अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच अधिकारी रणवीर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है।

### शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 72 हजार ठगे

**गुरुग्राम, यूटर्न/ 01 जनवरी।** जालसाजों ने शेयर बाजार में निवेश करके मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक युवक से 72 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित को टेलीग्राम ग्रुप से जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित ने साइबर अपराध थाना मानेसर को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। रेवाड़ी के बऊवा गांव निवासी मनोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह नगरपालिका कार्यालय फर्रुखनगर के पास किराये पर रहता है। शेयर बाजार से संबंधित एक टेलीग्राम ग्रुप मे जुड़ने के बाद उसके पास अलग-अलग नंबरों से कॉल व मैसेज आने लगे। इनमें रुपये निवेश करके मुनाफा कमाने के बारे में जानकारी दी जाती। जालसाजों की बातों में आकर मनोज ने 72 हजार रुपये बताए खाते में भेज दिए।

# शुभांशु शुक्ला से प्रेरित होकर युवा 2026 में विकसित भारत की अगुवाई करेंगे : उपराष्ट्रपति

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की वर्ष 2025 की अंतरिक्ष यात्रा की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि नए वर्ष में भारत के युवा, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत में रचे-बसे हैं, देश को विकसित भारत@2047 के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाएंगे। नववर्ष 2026 के अवसर पर नागरिकों के नाम संदेश में उपराष्ट्रपति ने कहा, मैं भारत के युवाओं, जो राष्ट्र के भविष्य के संरक्षक हैं, से आह्वान करता हूं कि वे इस नए साल पर भारत माता के लिए पांच संकल्प लें। उन्होंने बताया कि ये संकल्प हैं- नशामुक्त जीवन अपनाना; राष्ट्र निर्माण और समावेशी विकास के लिए तकनीक का जिम्मेदारीपूर्ण और नैतिक उपयोग करना; सक्रिय जीवनशैली अपनाकर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना; संवैधानिक मूल्यों, अखंडता और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखना; तथा राष्ट्र की प्रगति में निःस्वार्थ योगदान देना।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वर्ष 2025 में ऑपरेशन सिंदूर ने अपने नागरिकों की रक्षा के लिए भारत के दृढ़ संकल्प को दर्शाया और आतंकवादियों व उनके संरक्षकों को यह स्पष्ट संदेश दिया कि न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी तथा देश की संप्रभुता पर किसी भी खतरे का कड़ा जवाब दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बीते वर्ष संसद ने ऐतिहासिक कानून पारित किए, जो विकसित भारत की दिशा में देश की दृढ़ यात्रा को दर्शाते हैं। इस दौरान वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों पर भी व्यापक चर्चा हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि देश ने कई ऐतिहासिक अवसरों को भी श्रद्धापूर्वक मनाया, जिनमें गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस की 350वीं वर्षगांठ, भगवान बिरसा मुंडा और सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती शामिल हैं।

उन्होंने वर्ष 2025 की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत की उपलब्धियों ने उसे एक वैश्विक नवाचार केंद्र के रूप में और मजबूत किया है। इसरो के नेतृत्व में सफल स्पैडेक्स मिशन ने उपग्रह डॉकिंग क्षमता का प्रदर्शन किया, जबकि एलवीएम-3 एम6 प्रक्षेपण ने भारत की भारी-भार क्षमता को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा, भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) तक का मिशन, भारत के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

खेल जगत में उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि 2025 भारत के लिए गौरवपूर्ण रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती, जबकि महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया। इसके अलावा भारत ने खो-खो विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों खिताब अपने नाम किए। इस बीच, उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन शुक्रवार से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर जाएंगे। इस दौरान वे विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह, नागरिक अभिनंदन और वेल्लोर में एक मंदिर के स्वर्ण जयंती समारोह सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। एक बयान के अनुसार, शुक्रवार को उपराष्ट्रपति चेन्नई स्थित डॉ. एमजीआर एजुकेशनल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट विश्वविद्यालय के 34वें दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इसके बाद वे ताज कोरोमंडल में रामनाथ गोयनका साहित्य सम्मान समारोह में शामिल होंगे।

## कार शोरूम के कर्मचारी पर जानलेवा हमला

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** नीलम बाटा पुल के पास स्थित कार शोरूम में काम करने वाले कर्मचारी के ऊपर शराब की बोतल और कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घटना के वक्त कर्मचारी नौकरी से वापस अपने घर जा रहा था। आरोप है कि हमलावर पुराने केस में समझौते का दबाव बना रहे हैं। थाना बीपीटीपी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। गांव प्रहलादपुर निवासी जितेंद्र कुमार नीलम बाटा पुल के पास स्थित एक कार शोरूम में नौकरी करते हैं। जितेंद्र ने कहा कि 28 दिसंबर को ड्यूटी खत्म करने के बाद शाम को घर आ रहे थे। वह अपनी कार से सेक्टर 81 मास्टर रोड पर बीपीटीपी आफिस के पास किसी का फोन आने पर रुक गए। आरोप है कि तभी दो कारों में बदमाश सवार होकर आए। आरोपियों ने एक कार उनकी कार के आगे लगा दी। वहीं दूसरी कार उनकी कार के पीछे। उन दोनों गाड़ियों में गांव प्रहलादपुर निवासी संदीप और प्रदीप सवार थे।

## बीके नागरिक अस्पताल में युवक से मारपीट, मोबाइल तोड़ा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** बीके नागरिक अस्पताल में बुधवार को ओपीडी के दौरान एक मरीज के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। जयप्रकाश नामक व्यक्ति अपने पांच वर्षीय बेटे के इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे थे। जयप्रकाश के बताया कि 22 नंबर काउंटर पर किसी बात को लेकर वहां मौजूद कर्मचारी से उनकी कहासुनी हो गई। आरोप है कि बहस के दौरान कर्मचारी ने बदतमीजी शुरू कर दी और गाली-गलौज करने लगा। जयप्रकाश ने बताया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद तीन कर्मचारियों ने उनके साथ मारपीट की और इस दौरान उनका मोबाइल फोन भी तोड़ दिया गया।

# हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा का लाभ उठा रहे कर्मचारी

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

बीते 22 दिसंबर से एनआईटी 3 स्थित ईएसआईसी अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में हॉस्पिटल ऑन व्हील्स नाम से शुरू की गई बस सेवा सुचारू रूप से कार्य कर रही है। ईएसआईसी की ओर से चलाई जा रही यह बस प्रतिदिन तीन से चार औद्योगिक इकाइयों में पहुंच रही है। जहां डॉक्टरों की ओर से मरीजों का इलाज किया जा है।

इससे कंपनियों में काम कर रहे कर्मचारियों को अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं। हालांकि अभी तक सभी ईएसआई कार्ड धारकों को इस योजना की जानकारी नहीं हैं।

आगामी दिनों में जैसै-जैसे लोगों को इसके बारे में जानकारी मिलेगी तो एक दिन में बस कई और इकाइयों में भी पहुंच सकती है। ईएसआईसी के डॉक्टरों ने बताया कि बस सेवा शुरू करने की जानकारी अभी कर्मचारियों को नहीं है जिसकी वजह से कई कर्मचारी कंपनी से सीधा अस्पताल ही चले आते हैं।

## नए साल में बीके नागरिक अस्पताल में शुरू होगा नशा मुक्ति केंद्र

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।** नए साल में फरीदाबाद के बीके नागरिक अस्पताल में नशा मुक्ति केंद्र की शुरूआत होने जा रही है। इस केंद्र के शुरू होने से नशे की लत के शिकार उन लोगों को बड़ी राहत मिलेगी, जिनकी हालत गंभीर हो जाती है और जिन्हें इलाज के लिए भर्ती करने की जरूरत पड़ती है।




अभी तक ऐसे मरीजों को जिले से बाहर रेफर करना पड़ता था, लेकिन अब बीके अस्पताल में ही उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र में नशे से पीड़ित मरीजों के लिए इनडोर भर्ती की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां शराब, स्मैक, अफीम, गांजा और अन्य मादक पदार्थों की लत से जूझ रहे मरीजों का चिकित्सकीय उपचार विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में किया जाएगा। केंद्र में काउंसलिंग, दवा उपचार और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाएं भी दी जाएंगी, ताकि मरीज नशे से पूरी तरह बाहर आ सकें। उन्होंने बताया कि नशा मुक्ति केंद्र को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है और इसके लिए प्रशिक्षित चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और काउंसलर की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही मरीजों के परिजनों को भी काउंसलिंग के जरिए जागरूक किया जाएगा, ताकि इलाज के बाद मरीज दोबारा नशे की ओर न लौटें।

# मीट का कारोबार करने के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

नगर निगम फरीदाबाद के अधिकारियों ने बुधवार को मीट व्यापारियों के साथ बैठक का आयोजन किया। बैठक में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी नीतीश परवाल ने व्यापारियों को स्पष्ट शब्दों में बताया कि मीट का कारोबार करने के लिए नगर निगम से लाइसेंस लेना अनिवार्य है और बिना लाइसेंस के व्यापार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि फरीदाबाद में मुर्गा और बकरा दुकानदार स्वयं पशु वध नहीं कर सकते। उन्हें केवल निगम द्वारा अधिकृत स्लाटर हाउस से ही मीट खरीदने की अनुमति होगी। उन्होंने कहा कि अवैध कटान न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि इससे सार्वजनिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा पैदा होता है। इसलिए इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना जरूरी है। नीतीश परवाल ने बताया कि मीट की दुकानों पर काले शीशे लगाना अनिवार्य है ताकि खुले में मीट प्रदर्शित न हो और स्वच्छता बनी रहे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि स्कूल, कॉलेज और मंदिर से कम से कम 200 मीटर की दूरी पर ही मीट की दुकान होनी चाहिए। इस नियम का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के लाइसेंस आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

बैठक में उन व्यापारियों को भी विशेष जानकारी दी गई, जिन्होंने पहले से लाइसेंस के लिए आवेदन कर रखा है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि दोबारा आवेदन करते समय किन-किन नियमों और शर्तों का पालन करना जरूरी है, इसकी पूरी प्रक्रिया समझाई गई। उन्होंने कहा कि फॉर्म में फोटो के साथ दुकान का पूरा विवरण देना अनिवार्य है, ताकि सत्यापन में किसी तरह की दिक्कत न आए।

इस दौरान नीतीश परवाल ने निगम के कर्मचारियों को भी कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिए कि लाइसेंस से जुड़े सभी आवेदनों को सात दिन के भीतर निपटाया जाना चाहिए। यदि किसी आवेदन में कोई कमी हो तो उसे समय रहते रिजेक्ट कर कारण स्पष्ट रूप से बताना जरूरी है। उन्होंने लंबित फाइलों पर नाराजगी जताते हुए कहा कि पेंडिंग फाइलों को बिना वजह रोके रखना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बोर्ड परीक्षाओं की तिथि बढ़ाने की मांग की

**मोदीनगर, यूटर्न/ 01 जनवरी।** दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित डॉ. केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. सतीश चंद्र अग्रवाल ने जिला विद्यालय निरीक्षक ने बोर्ड परीक्षाओं की तिथि दो महीने बढ़ाने की मांग की है। प्रधानाचार्य का कहना है कि कॉलेज के 30 शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर कार्य में लगी थी। एसआईआर ड्यूटी के कारण शिक्षण कार्य प्रभावित हुआ। इससे छात्रों का पाठ्यक्रम पूरा नहीं हुआ। कहा कि परीक्षाओं की तिथि नहीं बढ़ाई गई कि तो परीक्षा परिणाम पर प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिलेगा।

# अब थरथर कापेंगे भारत के दुश्मन...डीआरडीओ ने किया दो प्रलय मिसाइलों का सफल परीक्षण

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

देश की सीमाओं पर मौजूद सुरक्षा चुनौतियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने हुए जटिल हालातों के बीच बुधवार का दिन भारतीय सशस्त्र सेनाओं के इतिहास में मील के पत्थर के समान है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 31 दिसंबर को दिन में करीब 10 बजे ओडिशा तट के पास स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से एक ही लांचर से दो प्रलय मिसाइलों का एक साथ सफल परीक्षण किया है। यह मिसाइल स्वदेशी रूप से विकसित ठोस प्रणोदक अर्ध-बैलिस्टिक मिसाइल है। जिसमें उच्च-



भेदक क्षमता सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक मार्गदर्शन और नेविगेशन तकनीक का उपयोग किया गया है। प्रलय मिसाइल विभिन्न लक्ष्यों तक कई प्रकार की युद्धक सामग्री ले जाने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। जिसमें बताया कि परीक्षण के दौरान डीआरडीओ, वायुसेना, सेना और अन्य साझेदारों के प्रतिनिधि मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि इस परीक्षण की रेंज में मौजूद ट्रैकिंग सेंसरों से व्यापक निगरानी की गई। उन्होंने भी इसकी सफलता की पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों मिसाइलों ने निर्धारित पथ का अनुसरण करते हुए उड़ान से जुड़े सभी उद्देश्यों को पूरा किया है। इसके अलावा परीक्षण बिंदुओं के पास तैनात जहाज पर लगे टेलीमेट्री सिस्टम से भी इसकी सफलता की पुष्टि हुई है रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बेहद कम अंतर पर किए गए मिसाइलों के सफल परीक्षण को लेकर डीआरडीओ, वायुसेना, सेना, रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और उद्योग जगत की सराहना की है। उन्होंने कहा कि प्रलय मिसाइल के साल्वो परीक्षण ने इसकी विश्वसनीयता को स्थापित कर दिया है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

## नुसरत भरुचा ने महाकाल के किए दर्शन



नए साल की शुरूआत से पहले बॉलीवुड एक्ट्रेस नुसरत भरुचा आध्यात्मिक रंग में नजर आईं। उन्होंने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर बाबा महाकाल के दर्शन किए। नुसरत ने यहां आयोजित भस्म आरती में भी हिस्सा लिया और नए साल के लिए आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर में नुसरत बेहद सादगी भरे अंदाज में नजर आईं। पारंपरिक परिधान में उन्होंने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। एक्ट्रेस ने मंदिर से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किए, जिन्हें फैंस का खूब प्यार मिल रहा है। नुसरत ने कहा कि नए साल से पहले महाकाल के दर्शन कर उन्हें मानसिक शांति मिली है। उन्होंने बताया कि व्यस्त फिल्मी जिंदगी के बीच ऐसे आध्यात्मिक पल उन्हें नई ऊर्जा देते हैं। फैंस भी उनकी पोस्ट पर कमेंट कर नए साल की शुभकामनाएं दे रहे हैं। नुसरत भरुचा हाल के वर्षों में कई चर्चित फिल्मों में नजर आ चुकी हैं और अपनी दमदार एक्टिंग से अलग पहचान बना चुकी हैं। कामयाबी के साथ-साथ उनका आध्यात्मिक जुड़ाव भी अक्सर देखने को मिलता है। नए साल से पहले उनका यह धार्मिक सफर न सिर्फ आस्था का प्रतीक बना, बल्कि उनके प्रशंसकों के लिए भी प्रेरणादायक साबित हुआ।

## लेटेस्ट फैमिली फोटोशूट को लेकर चर्चा में किम

हॉलीवुड की मशहूर रियलिटी टीवी स्टार और सोशल मीडिया सेंसेशन किम कार्दशियन एक बार फिर अपने लेटेस्ट फैमिली फोटोशूट को लेकर चर्चा में हैं। क्रिसमस के मौके पर किम ने अपने चारों बच्चों के साथ एक बेहद खास और यादगार फैमिली पोर्ट्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया है, जिसे फैंस खूब पसंद कर रहे हैं। 45 वर्षीय किम कार्दशियन ने ये तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं, जो फैमिली की एनुअल क्रिसमस ईव पार्टी से पहले क्लिक की गई थीं। तस्वीरों में किम अपने बच्चों नॉर्थ (12), सेंट (10), शिकागो (7) और साम (6) के साथ नजर आ रही हैं। ये सभी बच्चे उनके और एक्स-हसबैंड, रैपर कान्ये वेस्ट के हैं, हालांकि तस्वीरों में कान्ये वेस्ट नजर नहीं आए। फोटोशूट किम के 60 मिलियन डॉलर के आलीशान हिडन हिल्स मेंशन के अंदर किया गया, जहां स्नो-थीम क्रिसमस ट्री के सामने पूरा परिवार पोज देता दिखा। इस खास मौके पर किम ने विंटेज मुगलर आउटफिट पहनकर ग्लैमरस लुक कैरी किया, जबकि उनके बच्चे भी स्टाइलिश और क्यूट अंदाज में नजर आए।



# दीपिका पादुकोण पर नजर पाइपलाइन में मेगा बजट की बड़ी फिल्में

बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण के लिए साल 2025 विवादों से घिरा रहा है, लेकिन साल 2026 में वे स्क्रीन पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। अभिनेत्री के पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं, जिन पर वे लगातार काम कर रही हैं। मां बनने के बाद अभिनेत्री ने बीते साल पर्दे से दूरी बनाकर रखी थी, लेकिन अब वे साल 2026 को पूरी तरीके से अपने नाम करने के लिए तैयार हैं। दीपिका पादुकोण, विक्की कौशल की बहुप्रतीक्षित पौराणिक ड्रामा महावतार में एक अहम भूमिका निभाती दिख सकती हैं। फिल्म में उनके किरदार को लेकर आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका का नाम फाइनल हो चुका है। वहीं, दीपिका पादुकोण एक बार फिर शाहरुख खान के साथ फिल्म ह्यकिंगह्न में नजर आने वाली हैं। फिल्म के टीजर और पोस्टर भी रिलीज हो चुके हैं, लेकिन फिल्म की रिलीज डेट को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है। दीपिका, शाहरुख खान की लगभग हर फिल्म में होती हैं, क्योंकि अभिनेता का मानना है कि दीपिका उनके लिए लकी हैं। टाइगर वर्सेस पठान साल 2026 की सबसे बड़ी फिल्म होने वाली है, क्योंकि फिल्म में करण-अर्जुन का मिलन होने वाला है। मतलब शाहरुख खान और सलमान खान लंबे समय के बाद स्क्रीन शेयर करने वाले हैं। फिल्म में बतौर लीड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का नाम सामने आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो दीपिका का नाम फाइनल हो चुका है, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा होना बाकी है। अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र पार्ट 2: देव में भी दीपिका पादुकोण महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो पहले फिल्म में दीपिका की छोटी सी झलक दिखाई गई थी, लेकिन दूसरे पार्ट में अभिनेत्री का नया वर्जन देखने को मिल सकता है। शाहरुख की मचअवेटेड फिल्म पठान-2 भी साल 2026 में रिलीज होगी और एक बार फिर शाहरुख खान के साथ दीपिका नजर आने वाली हैं। फिल्म के पहले पार्ट में शाहरुख के साथ दीपिका ही थी। निर्देशक एटली कुमार अपने अगले प्रोजेक्ट एए22Xए6 में अल्लू अर्जुन के साथ काम कर रहे हैं। इस फिल्म में अल्लू अर्जुन के अपोजिट दीपिका पादुकोण को साइन किया जा चुका है और फिल्म में जाह्नवी कपूर भी होंगी। यह साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। इसके नए नाम की घोषणा भी जल्द की जाएगी।

# सिडनी टेस्ट के बाद खेल को अलविदा कह देंगे ख्वाजा : क्लार्क



**मेलबर्न, यूटर्न/ 01 जनवरी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने कहा है कि अंतिम एशेज टेस्ट के साथ ही अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा संन्यास की घोषणा कर देंगे। क्लार्क ने कहा कि ख्वाजा पिछले काफी समय से अपनी फार्म और फिटनेस से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की एशेज सीरीज का अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। इस सीरीज में ख्वाजा ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं पर वह प्रभावित नहीं कर पाये हैं। ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड के अच्छे प्रदर्शन के कारण उन्हें तीनों ही मैचों में मध्यक्रम में उतरना पड़ा था। साल 2025 ख्वाजा के लिए अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने उसमें 10 टेस्ट मैचों में कुल 614 रन बनाए थे। ख्वाजा की बढ़त उम्र के कारण भी वह संन्यास के करीब हैं। उन्हें पर्थ में पहले एशेज टेस्ट के दौरान करियर में पहली बार पीठ में अकड़न भी हुई थी। चोट के कारण वह दूसरा टेस्ट भी नहीं खेल पाए थे। हालांकि, उन्होंने तीसरे मैच में वह वापसी करने में सफल रहे थे। वह मेलबर्न में चौथे मैच में फ्लॉप रहे। क्लार्क का मानना है कि उस्मान को सिडनी टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की अंतिम ग्यारह में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह ख्वाजा का फेयरवेल टेस्ट होगा। मुझे उम्मीद है कि वह इस मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# शमी की न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भारतीय टीम में हो सकती है वापसी

**» मुम्बई, यूटर्न/ 01 जनवरी।**

पिछले काफी समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को अब नये साल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से अवसर मिल सकता है। शमी की साल 2025 में लगातार उपेक्षा हुई, इसके अलावा वह फिटनेस को लेकर भी परेशान रहे जिससे भी उनके भविष्य को लेकर सवाल उठे हैं। वहीं शमी ने इसके बाद घरेलू क्रिकेट में अपने प्रदर्शन से फार्म और फिटने को साबित किया। वहीं माना जा रहा है कि इस गेंदबाज को इस साल चयनकर्ता अवसर दे सकते हैं। इससे 2027 एकदिवसीय विश्वकप के लिए उनकी वापसी होने की उम्मीद है। शमी के घरेलू प्रदर्शन पर चयनकर्तों की नजरें बनी हुई हैं। ऐसे में उनकी टीम में वापसी कठिन नहीं मानी जा रही है। एक रिपोर्ट के अनुसान शमी पर लगातार चर्चा हो रही है।वह चयन की दौड़ से बाहर नहीं हैं। स चिंता उनकी फिटनेस को लेकर है। ह न्यूजीलैंड एकदिवसीय सीरीज लिए अच्छे दिख रहे हैं। ऐसे में उन्हें इस सीरीज में भी अवसर मिल सकता है। उनके पास लंबा अनुभव है जिसका लाभ लिया जा सकता है। शमी ने अंतिम बार मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी नहीं कर पाये। वह वह टूनार्मेंट में मोहम्मद शमी भारत के संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे थे। उन्होंनइ इसी टूनार्मेंट में न्यूजीलैंड के खिलाफ अंतिम मैच था, जबकि टेस्ट में जून 2023 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के बाद से ही टीम से बाहर हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में अपने पिछले छह मैचों (तीन विजय हजारे ट्रॉफी और तीन सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी) में 17 विकेट लिए हैं। वहीं रणजी ट्रॉफी में भी उन्होंने इस सीजन सिर्फ चार मैचों में 20 विकेट लिए हैं जिससे पता चलता है कि उनकी गेंदबाजी की धार अभी बनी हुई है।

**शमी ने अंतिम बार मार्च 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में खेला था उसके बाद से ही वह टीम में वापसी नहीं कर पाये।**





# सैयामी नए साल की शुरूआत लंबी दौड़ से करेंगी

बॉलीवुड अभिनेत्री सैयामी खेर ने भी बताया कि वह नए साल का स्वागत परिवार की पुरानी परंपराओं के साथ करेंगी। फिटनेस लवर सैयामी दिन की शुरूआत एक लंबी दौड़ से करेंगी, उसके बाद अपनों के साथ कैंपिंग, बारबेक्यू और मस्ती का प्लान है। साल 2025 खत्म होने को है और नए साल 2026 के स्वागत की तैयारियां जोरों पर हैं। बॉलीवुड सितारे सोशल मीडिया और इंटरव्यू में अपने न्यू ईयर प्लान शेयर कर रहे हैं। अभिनेत्री सैयामी खेर नए साल की शुरूआत परिवार और दोस्तों के साथ घर पर समय बिताकर करेंगी। उनका मानना है कि नया साल अपनों के साथ मनाना सबसे खास होता है। परिवार की परंपरा को निभाते हुए वह पहले दिन की शुरूआत एक लंबी दौड़ से करेंगी। सैयामी ने बताया, नया साल परिवार और दोस्तों के साथ घर पर मनाना सबसे खास होता है। यह हमारी पुरानी परंपरा है। दोस्तों के साथ अलाव जलाते हैं, बारबेक्यू करते हैं, टेंट लगाकर बाहर कैंपिंग करते हैं। इस बार सैयामी ने अपने जश्न में फिटनेस का तड़का लगाने का फैसला किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्विट्जरलैंड के स्की रिसॉर्ट शहर में बार में धमाका, कई लोगों की मौत

**क्रांस-मोंटाना, यूटर्न/ 01 जनवरी।** स्विट्जरलैंड के प्रसिद्ध और लग्जरी अल्पाइन स्की रिसॉर्ट शहर क्रांस-मोंटाना में गुरुवार तड़के एक बार में हुए जोरदार विस्फोट से हड़कंप मच गया। इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई, जबकि अनेक लोग गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्विस पुलिस के अनुसार, यह विस्फोट स्विट्जरलैंड के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र वालिस (हं.२) कैंटन में स्थित क्रांस-मोंटाना शहर के एक बार में हुआ। वालिस कैंटन पुलिस के प्रवक्ता गेटन लाथियोन ने बताया कि ह्यअज्ञात कारणों से एक विस्फोट हुआ है। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं और कई लोगों की मौत की भी पुष्टि हुई है ह्य हालांकि, अब तक मृतकों और घायलों की सटीक संख्या का आधिकारिक खुलासा नहीं किया गया है। पुलिस और आपातकालीन सेवाएं मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। क्रांस-मोंटाना यूरोप के प्रमुख स्की रिसॉर्ट्स में से एक है और सर्दियों के मौसम में यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। घटना के समय बार में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पर्यटकों की मौजूदगी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### जैसे को तैसा की तर्ज पर दो देशों ने कहा- अमेरिकी नागरिकों को नहीं रखने देंगे कदम

**वॉशिंगटन, यूटर्न/ 01 जनवरी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई देशों के नागरिकों को न केवल बाहर का रास्ता दिखाया है बल्कि उनकी बेइज्जती करने में भी कोई कसर नहीं छोड़ी। हथकड़ी और बेड़ियों के साथ डिपोर्ट किया गया है। और कई देशों के नागरिकों को अमेरिका में आने से भी रोक दिया। अब बुर्किना फासो और माली ने जैसे को तैसा की तर्ज पर अमेरिकी नागरिकों की एंट्री पर प्रतिबंध लगा दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के इस एक्शन पर अब रिएक्शन शुरू हो गए हैं। दो देशों ने अमेरिकी नागरिकों की एंट्री बैन कर दी है।

# नए साल पर जेलेंस्की का संदेश, कहा- हमें युद्ध का अंत चाहिए, यूक्रेन का नहीं

» **कीव, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने नए साल की पूर्व संध्या पर अपने देश को संबोधित करते हुए कहा कि यूक्रेन युद्ध को खत्म करना चाहता है, लेकिन किसी भी हाल में कमजोर शांति समझौता स्वीकार नहीं करेगा। उनका कहना था कि ऐसा कोई समझौता नहीं होना चाहिए जिससे देश का भविष्य खतरे में पड़ जाए। जेलेंस्की का यह बयान ऐसे समय आया, जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दोहराया कि उन्हें भरोसा है कि रूस इस युद्ध में जीत हासिल करेगा। करीब 21 मिनट के अपने टीवी संबोधन में जेलेंस्की ने माना कि लगभग चार साल से चल रहे युद्ध के कारण यूक्रेन के लोग बहुत थक चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह समय अवधि दूसरे विश्व युद्ध के दौरान कई यूक्रेनी शहरों पर जर्मनी के कब्जे से भी ज्यादा लंबी रही है। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि थकान का मतलब हार मान लेना नहीं है। उन्होंने कहा, यूक्रेन शांति चाहता है, लेकिन किसी भी कीमत पर नहीं। हम युद्ध का अंत चाहते हैं, यूक्रेन का अंत नहीं। अगर कोई सोचता है कि यूक्रेन थककर आत्मसमर्पण कर देगा, तो वह पूरी तरह गलत है।

# नए साल के जश्न में स्विट्जरलैंड के बार में धमाका, कई लोगों की मौत और कई घायल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



नए साल के मौके पर स्विटजरलैंड से एक दुखद घटना सामने आई है। स्विस पुलिस की ओर से साझा जानकारी के अनुसार, क्रैन्स मोंटाना के महंगे अल्पाइन स्की रिसॉर्ट शहर के एक बार में धमाका हुआ। इस धमाके में कई लोग मारे गए और कुछ घायल हो गए।

दक्षिण-पश्चिमी स्विट्जरलैंड के वालिस कैंटन में पुलिस प्रवक्ता गेटन लैथियन ने बताया, एक धमाका हुआ है जिसका कारण पता नहीं है। कई लोग इसमें मारे गए और कई घायल हो गए।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि धमाका स्थानीय समयानुसार रात करीब 1:30 बजे ले कॉन्स्टेलेशन नाम के एक बार में हुआ। यह बार पर्यटकों के बीच काफी मशहूर है। हादसे के वक्त लोग यहां पर नए साल का जश्न मनाने के लिए जुटे हुए थे।

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, माना जा रहा है कि मरने वालों में ज्यादातर पर्यटक हैं, जो छुट्टियों के सीजन में क्रैन्स-मोंटाना आए थे। धमाके के समय बार में सौ से ज्यादा लोग थे। हम अभी अपनी जांच की शुरुआत में हैं। यह एक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर स्की रिसॉर्ट है जहां बहुत सारे पर्यटक आते हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स का दावा है कि आग में कम से कम 40 लोग मारे गए।

स्थानीय मीडिया आउटलेट ब्लिक ने बताया कि अधिकारियों ने बचाव और जांच की कोशिशों के चलते क्रांस-मोंटाना के ऊपर नो-फ्लाई जोन भी लगा दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि धमाके के समय बार के अंदर 100 से ज्यादा लोग थे। स्विस ब्रॉडकास्टर आरटीएस ने बताया कि धमाका बार के बेसमेंट में हुआ, जिसकी कुल क्षमता लगभग 400 लोगों की है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बड़े पैमाने पर शेयर किए गए वीडियो में घटना के तुरंत बाद बार से धुएं का घना गुबार उठता हुआ दिख रहा है, जो धमाके और उसके बाद लगी आग के पैमाने को दिखाता है।

अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पुलिस ने मरने वालों और घायलों की सही संख्या नहीं बताई, और न ही आग लगने के कारण के बारे में और जानकारी दी। यह इलाका हाई-एंड हॉलिडे रिसॉर्ट्स के लिए जाना जाता है। पुलिस और क्षेत्रीय लोक अभियोजक के साथ अमेरिकी समयानुसार सुबह करीब 10 बजे (ईटी टाइम जोन के हिसाब से सुबह 4 बजे) एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। पीसी में घटना से संबंधित अधिक जानकारी सामने आएगी। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि स्विट्जरलैंड की सबसे खास जगहों में से एक, क्रैन्स-मोंटाना अपनी साल भर रहने वाली धूप के लिए मशहूर है। इसकी खास वजह यह है कि क्रैन्स-मोंटाना रोन वैली में दक्षिण की ओर वाले पठार पर स्थित है। यह इलाका समुद्र तल से 1,500 मीटर ऊपर, मैटरहॉर्न से लेकर यूरोप की सबसे ऊंची चोटियों में से एक मोंट ब्लांक तक फैला है।

# यूएन ने 3.45 बिलियन डॉलर के कम बजट और 19 प्रतिशत नौकरियों में कटौती के साथ की 2026 की शुरूआत

» **संयुक्त राष्ट्र, यूटर्न/ 01 जनवरी।**




दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्ट्रीय संस्था संयुक्त राष्ट्र इस समय गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। इसी कारण साल 2026 की शुरूआत वह 3.45 अरब डॉलर के कम बजट और 19 प्रतिशत नौकरियों में कटौती के साथ कर रही है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने उस बजट को मंजूरी दी है, जो महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रस्ताव पर आधारित है। हालांकि यह बजट उनके सुझाए गए 3.238 अरब डॉलर से थोड़ा अधिक है। इस साल का बजट 2025 के 3.72 अरब डॉलर से लगभग 270 मिलियन डॉलर, या 7.25 प्रतिशत कम है। यह बजट केवल संयुक्त राष्ट्र के मुख्य प्रशासनिक कार्यों के लिए है। शांति मिशनों और अन्य संस्थाओं जैसे यूनेस्को और विश्व स्वास्थ्य संगठन के बजट अलग-अलग तय किए जाते हैं।

नियमित बजट में भारत की हिस्सेदारी 1.016 प्रतिशत है। यह हिस्सेदारी सकल राष्ट्रीय आय, जनसंख्या और अन्य कई मानकों के आधार पर तय की जाती है।

इससे पहले, बजट से संबंधित महासभा की पांचवीं समिति को संबोधित करते हुए, सहायक महासचिव चंद्रमौली रामनाथन ने कहा कि खर्च में कटौती के तहत शुक्रवार से 2,900 पद खत्म किए जाएंगे। इसके अलावा करीब 1,000 कर्मचारी स्वेच्छा से सेवा छोड़ने पर सहमत हो चुके हैं।

193 सदस्य देशों के बीच लंबी और कठिन बातचीत के बाद बजट तैयार हुआ। इस प्रक्रिया पर रामनाथन ने कहा कि यह एक असाधारण उपलब्धि है, जिसे हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, एक दिसंबर तक बकाया राशि 1.586 अरब डॉलर थी। इसमें 2024 के 709 मिलियन डॉलर और 2025 के लिए 877 मिलियन डॉलर शामिल हैं। इसी कारण रामनाथन ने सदस्य देशों से अपील की है कि वे 2026 का बकाया योगदान जल्द से जल्द जमा करें।

# शिकागो, लॉस एंजिल्स और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड हटाएंगे राष्ट्रपति ट्रंप

» **वाशिंगटन, यूटर्न/ 01 जनवरी।**



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनकी सरकार अब शिकागो, लॉस एंजिल्स और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड को हटा रही है। यह फैसला ऐसे समय लिया गया है, जब कुछ दिन पहले अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन के खिलाफ फैसला सुनाया था।

डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर कहा, हम शिकागो, लॉस एंजिल्स और पोर्टलैंड से नेशनल गार्ड को हटा रहे हैं। इन शहरों में नेशनल गार्ड की मौजूदगी से अपराध में काफी कमी आई थी। अगर संघीय सरकार ने दखल न दिया होता, तो पोर्टलैंड, लॉस एंजिल्स और शिकागो खत्म हो गए होते।

ट्रंप ने यह भी कहा कि जब इन इलाकों में फिर से अपराध बढ़ेगा, तब सरकार और ज्यादा मजबूत तरीके से लौटेगी। उन्होंने इन क्षेत्रों के डेमोक्रेट मेयरों और गवर्नरों को बहुत अक्षम बताया। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, यह घोषणा सुप्रीम कोर्ट द्वारा अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट के एजेंटों की सुरक्षा के लिए शिकागो में नेशनल गार्ड भेजने की ट्रंप की योजना को रोकने के कुछ ही दिनों बाद आई है।

ट्रंप का कहना है कि जिन राज्यों और शहरों में डेमोक्रेट्स की सरकार है, वहां अपराध बढ़ रहा है। इसलिए नेशनल गार्ड की तैनाती जरूरी है। वहीं डेमोक्रेट नेताओं ने इन कदमों के पीछे राजनीतिक मंशा होने पर सवाल उठाए हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से ट्रंप प्रशासन की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित एक आदेश में कहा, इस शुरुआती चरण में, सरकार इलिनोइस में सेना को कानूनों को लागू करने की अनुमति देने वाले अधिकार का स्रोत बताने में विफल रही है। इस पूरे विवाद की शुरुआत 4 अक्टूबर से मानी जाती है, जब ट्रंप ने इलिनोइस नेशनल गार्ड के 300 सदस्यों को इलिनोइस में, खासकर शिकागो और उसके आसपास, सक्रिय संघीय सेवा में बुलाया था।

### दक्षिणी ब्राजील में गोलीबारी में 5 लोगों की मौत

**साओ पाउलो, यूटर्न/ 01 जनवरी।** दक्षिणी ब्राजील के पराना राज्य में हुई दो संबंधित गोलीबारी की घटनाओं में एक मृतक और चार सशस्त्र संदिग्धों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। एक व्यक्ति का शव कॉर्नेलियो प्रोकोपियो के एक मोहल्ले में मिला, जिसे गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। यह शहर राज्य की राजधानी कुरितबा से लगभग 380 किमी और अर्जेंटीना और पैराग्वे के साथ ब्राजील की सीमा से लगभग 520 किमी दूर स्थित है। सैन्य पुलिस ने बाद में इस मामले से जुड़े माने जा रहे चार सशस्त्र संदिग्धों का पता लगाया और उनका पीछा किया, जो बुधवार तड़के गोलीबारी में समाप्त हुआ, जिसमें चारों मारे गए।

### सीरिया के अलेप्पो में आत्मघाती बम हमले में एक की मौत, कई घायल

**दमिश्क, यूटर्न/ 01 जनवरी।** उत्तरी सीरिया के अलेप्पो शहर के बाब अल-फराज इलाके में बुधवार को एक आत्मघाती हमलावर ने पुलिस गश्ती दल को निशाना बनाया, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई और सीरिया के आंतरिक सुरक्षा बलों के कई सदस्य घायल हो गए। कई सरकारी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। साना समाचार एजेंसी ने बताया कि हमलावर ने आंतरिक सुरक्षा बलों के गश्ती दल के पास खुद को उड़ा लिया। घायलों को इलाज के लिए पास के अस्पतालों में ले जाया गया, जबकि सुरक्षा बलों ने इलाके को घेर लिया और घटना की जांच शुरू कर दी। अल-इखबारिया टीवी ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान हमलावर ने खुद को उड़ा लिया, क्योंकि अधिकारियों को उसके व्यवहार पर संदेह हुआ था। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने घटना की पुष्टि की, लेकिन हताहतों की संख्या के बारे में कोई पुष्ट जानकारी नहीं दी। किसी भी समूह ने तत्काल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।

### पुतिन के घर पर हमले में नया ट्विस्ट, यूएस को यूक्रेनी हमले का नहीं मिला सबूत

**मॉस्को, यूटर्न/ 01 जनवरी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध ने एक नया और गंभीर मोड़ ले लिया है। रूस ने हाल ही में यूक्रेन पर बेहद संगीन आरोप लगाते हुए सनसनी मचा दी है कि कीव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निजी आवास को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर ड्रोन हमला किया है। रूस के आधिकारिक बयानों के अनुसार, सोमवार को यूक्रेन ने मॉस्को के उत्तर में स्थित नोवगोरोड क्षेत्र में पुतिन के स्थायी निवास पर 91 लंबी दूरी के ड्रोनों से हमला करने का प्रयास किया। हालांकि, अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन दावों की सत्यता को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619

* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *